E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 44 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, गुरुवार 27 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## नेपाल बाढ़ः 403 पर्यटक से नहीं हो पाया संपर्क, लापता में सबसे अधिक भारतीय; महाराष्ट्र सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। नेपाल के रसुवा जिले में भोटेकोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद हालात गंभीर बने हुए हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, आपदा के बाद कुल 403 नेपाली और विदेशी पर्यटक संपर्कविहीन बताए गए हैं। इनमें सबसे अधिक 133 भारतीय पर्यटक शामिल हैं, जिससे भारत में भी चिंता बढ़ गई है। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, संपर्कविहीन पर्यटकों में 62 नेपाली, 47 अमेरिकी, 34 ऑस्ट्रेलियाई, 33 ब्रिटिश और 24 कनाडाई नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा मलेशिया, यूक्रेन, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, जापान, जर्मनी, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, रूस, स्पेन, बेलारूस, फिनलैंड, हंगरी, इजराइल, लिथुआनिया, पुर्तगाल और फिलीपींस के नागरिक भी लापता लोगों में शामिल हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। आशंका जताई जा रही है कि लापता भारतीयों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई यात्रियों और पर्यटकों का अभी तक पूरा विवरण उपलब्ध नहीं हो पाया है। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में आई इस भीषण बाढ़ ने पर्यटन गतिविधियों के साथ-साथ स्थानीय बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। बचाव एवं राहत एजेंसियां लगातार प्रभावित इलाकों में अभियान चला रही हैं और संपर्कविहीन लोगों की तलाश जारी है। नेपाल में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने वहां फंसे राज्य के नागरिकों और पर्यटकों की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन और सूचना प्रणाली शुरू की है। महाराष्ट्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नेपाल में फंसे नागरिकों की जानकारी जुटाने और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक ऑनलाइन लिंक जारी किया है। मंत्रालय स्थित राज्य नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। प्रभावित नागरिकों और उनके परिजनों से अपील की गई है कि यदि उनका कोई रिश्तेदार या परिचित नेपाल में फंसा है तो उसकी जानकारी तत्काल प्रशासन तक पहुंचाएं। राज्य नियंत्रण कक्ष की तरफ से टोल-फ्री हेल्पलाइन 1070 और नियंत्रण कक्ष +91-9321587143 नंबर भी जारी किया गया है। राज्य सरकार ने परिजनों से अनुरोध किया है कि नेपाल में फंसे व्यक्तियों की जानकारी देते समय उनका नाम, मोबाइल नंबर, नेपाल में वर्तमान स्थान या होटल का विवरण, यात्रा संबंधी जानकारी, तथा परिवार के संपर्क नंबर उपलब्ध कराएं, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों में मदद मिल सके। नेपाल में जारी राहत एवं बचाव अभियान के बीच भारतीय और नेपाली एजेंसियां लगातार समन्वय बनाकर काम कर रही हैं। प्रशासन का कहना है कि लापता लोगों का पता लगाने और प्रभावित नागरिकों तक सहायता पहुंचाने के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं। नेपाल के रसुवा जिले में भोटेकोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद हालात गंभीर बने हुए हैं। बाढ़ के बाद नेपाल पर्यटन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 403 नेपाली और विदेशी पर्यटक संपर्कविहीन बताए जा रहे हैं। इनमें सबसे अधिक 133 भारतीय नागरिक शामिल हैं, जिससे भारत में भी चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा मलेशिया, यूक्रेन, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, जापान, जर्मनी, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, रूस, स्पेन, बेलारूस, फिनलैंड, हंगरी, इजराइल, लिथुआनिया, पुर्तगाल और फिलीपींस के नागरिक भी सूची में शामिल हैं। मंत्रालय स्थित राज्य नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है।

## आज भारत की बेटियां फाइटर एयरक्राफ्ट में बैठकर देश की रक्षा कर रहीं: राजनाथ सिंह

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जिस भारत की बेटियां कभी स्वतंत्रता के लिए सत्याग्रह की अग्रिम पंक्ति में खड़ी थीं, आज उसी भारत की बेटियां फाइटर एयरक्राफ्ट की कॉकपिट में बैठकर, देश के आसमान की रक्षा कर रही हैं। यह केवल परिवर्तन की कहानी नहीं है, यह नए भारत की शक्ति की कहानी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को गोवा में हुतात्मा स्मृति स्मारक के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियां सैन्य बलों में लीडरशिप रोल निभा रही हैं, स्पेस मिशन का हिस्सा बन रही हैं, स्टार्टअप शुरू कर रही हैं और देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं। ये सारी चीजें, उन सपनों का प्रतिबिंब है, जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था। रक्षा मंत्री ने कहा, "आज भारत लड़ाकू विमान से लेकर वॉरशिप, मिसाइल, राडार, ड्रोन और एडवांस डिफेंस सिस्टम तक अनेक क्षेत्रों में अपनी स्वदेशी क्षमता को बढ़ा रहा है। आज भारत हथियारों का खरीदार न रहकर, ग्लोबल डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण निर्यातक बन रहा है। भारत के विभिन्न भागों से,अनेक समूहों ने गोवा की ओर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने के लिए कूच किया।'

## भूकंप के बाद तबाही... 157 की मौत, 133 भारतीयों समेत 1000 लापता, नेपाल में केदारनाथ जैसी त्रासदी



**थिंक राजस्थान**

नेपाल में बुधवार को केदारनाथ जैसी त्रासदी हुई। तिब्बत सीमा से अचानक बाढ़ आई। इससे रसुवा जिले में भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में सैलाब बढ़ा और देखते ही देखते नुवाकोट, धाडिंग और चितवन जिले भी चपेट में आ गए। बहाव इतना तेज था कि रास्ते की हर चीज को बहा ले गया।

पानी के साथ आए मलबे में कई मकान दब गए। त्रिशूली नदी पर बने 4 पक्के और 15 अस्थायी पुल बह गए। तटीय क्षेत्र की 40 किमी सड़क टूट गई। एक दर्जन से ज्यादा हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट ठप हो गए हैं। देर रात तक 157 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 1000 से ज्यादा लोग लापता हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुताबिक, 750 यात्रियों से संपर्क नहीं हो पाया है। इनमें 391 विदेशी और 93 नेपाली हैं। विदेशी यात्रियों में 133 भारतीय और 37 एनआरआई हैं।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में 59 कैलाश मानसरोवर यात्रियों समेत सैकड़ों पर्यटक फंस गए हैं। बेंगलुरु स्थित ईशा फाउंडेशन के 77 सदस्य लापता हैं। दूसरी ओर, तिब्बत में भी 3 लोगों की मौत हुई, जबकि 265 लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बात की और मदद का आश्वासन दिया। मालूम हो, केदारनाथ में जून 2013 में पहाड़ से आए सैलाब के बाद तबाही मच गई थी।

## नेपाल बाढ़: भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, 10 टन राहत सामग्री और जरूरी दवाएं भेजीं



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। प्राकृतिक आपदाओं में पहले मददगार (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) की अपनी भूमिका निभाते हुए भारत ने बुधवार को नेपाल में आई विनाशकारी फ्लैश फ्लड के बाद 10 टन मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री और आवश्यक दवाएं भेजीं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि नेपाल में बाढ़ से निपटने के लिए 10 टन राहत सामग्री और जरूरी दवाएं रवाना की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं और इस कठिन समय में भारत नेपाल और उसके लोगों के साथ खड़ा है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, भारतीय वायुसेना का सी-130जे विमान राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हुआ। इसमें अस्थायी आश्रय सामग्री, कंबल, स्वच्छता किट, सोलर लैंप और आवश्यक दवाएं शामिल हैं। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर लिखा कि नेपाल में आई भयानक बाढ़ के बाद तुरंत एक सी-130जे विमान भेजा है, जिसमें 10 टन ज़रूरी राहत सामग्री और मेडिकल सप्लाई है। वायु सेना ने लिखा, ''सी-17 और सी-130 विमानों के ज़रिए और राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी, और बचाव व लोगों को सुरक्षित निकालने के कामों के लिए हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। आसमान से ज़मीन तक, तेज़ी, फुर्ती और सटीकता के साथ काम करते हुए, सबसे ज़्यादा ज़रूरत के समय उम्मीद पहुंचाना।'' इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह से फोन पर बात कर बाढ़ में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया और हर संभव मानवीय सहायता देने का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के लोग इस कठिन घड़ी में नेपाल के अपने भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

## LPG e-KYC की तारीख बढ़ी, अब 31 अगस्त तक पूरा करें वेरिफिकेशन, नहीं तो हो सकती है परेशानी

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने एलपीजी e-KYC कराने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। पहले तय समय सीमा में बड़ी संख्या में उपभोक्ता e-KYC नहीं करा पाए थे, इसलिए भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। सरकार ने सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं से कहा है कि वे ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से अपना e-KYC जल्द से जल्द पूरा कर लें। तय तारीख तक वेरिफिकेशन नहीं कराने पर गैस सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी में दिक्कत आ सकती है। 31 अगस्त तक e-KYC पूरी नहीं होने पर आपका एलपीजी कनेक्शन तुरंत बंद नहीं होगा, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर से जुड़ी कई सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। सिलेंडर बुकिंग में परेशानी आने के साथ-साथ डिलीवरी भी रुक सकती है। सरकार के मुताबिक, जिन उपभोक्ताओं का वेरिफिकेशन पूरा नहीं होगा, उन्हें कुछ मामलों में एलपीजी सब्सिडी मिलने में भी दिक्कत हो सकती है। वेरिफिकेशन पूरा होने तक सिलेंडर के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। e-KYC का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू एलपीजी कनेक्शन सही और वास्तविक उपभोक्ताओं के नाम पर हों। इसके जरिए घरेलू गैस सिलेंडर के गलत या व्यावसायिक इस्तेमाल पर भी रोक लगाने की कोशिश की जा रही है। एलपीजी e-KYC घर बैठे भी की जा सकती है। इसके लिए Aadhaar FaceRD ऐप या संबंधित गैस कंपनी के मोबाइल ऐप—IndianOil ONE, भारतगैस और HP Gas—का इस्तेमाल किया जा सकता है। e-KYC के लिए आधार कार्ड का मोबाइल नंबर से लिंक होना जरूरी है। एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। आधार आधारित ई-केवाईसी पूरी करने की समय-सीमा



बढ़ाकर 31 अगस्त 2026 कर दी गई है। पहले निर्धारित समय तक बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का सत्यापन पूरा नहीं हो पाया था, जिसके बाद उपभोक्ताओं को अतिरिक्त समय दिया गया है। ई-केवाईसी का उद्देश्य घरेलू एलपीजी कनेक्शनों का सत्यापन करना और यह सुनिश्चित करना है कि एलपीजी से जुड़े लाभ वास्तविक एवं पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचें। इसके साथ ही वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने और घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने की भी कोशिश की जा रही है। 31 अगस्त तक ई-केवाईसी नहीं कराने पर कनेक्शन तत्काल बंद होने की बात नहीं है, लेकिन घरेलू दर पर सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी हो सकती है। पहले जारी सरकारी सूचना में भी स्पष्ट किया गया था कि सत्यापन पूरा नहीं होने पर घरेलू दर पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने में दिक्कत आ सकती है। कुछ मामलों में सब्सिडी से जुड़े लाभ भी प्रभावित हो सकते हैं।

## असदुद्दीन ओवैसी बांटने की राजनीति करते हैं, भारत कोई धर्मशाला नहीं

**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। भाजपा नेता डॉ. सैयद जफर इस्लाम ने असदुद्दीन ओवैसी के हिजाब और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार किया। भाजपा नेता ने कहा कि ओवैसी लगातार समाज को विभाजित करने वाली राजनीति करते हैं। जफर इस्लाम ने कहा कि हर समाज की अपनी परंपरा, आस्था और धार्मिक मान्यताएं होती हैं। स्कूलों में एक निर्धारित प्रोटोकॉल होता है और स्कूल प्रशासन को यह तय करना चाहिए कि वहां ड्रेस और अन्य व्यवस्थाएं किस प्रकार लागू होंगी। उन्होंने कहा कि अदालत को इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय स्कूल प्रशासन को अपनी व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी देनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को ऐसा रास्ता निकालना चाहिए, जिससे हाई कोर्ट के आदेश का पालन भी हो और किसी समुदाय की धार्मिक आस्था को ठेस भी न पहुंचे। कांग्रेस को यह तय करना चाहिए कि वह देश के साथ खड़ी है या देश के विरोध में।

## भारत-चीन सीमा वार्ता: अजित डोभाल और वांग यी के बीच बनी 8 बिंदुओं पर सहमति



**थिंक राजस्थान**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 25वें दौर की वार्ता मंगलवार को बीजिंग में हुई। भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीन की ओर से विदेश मामलों के प्रमुख एवं विशेष प्रतिनिधि वांग यी ने सीमा विवाद पर विस्तृत चर्चा की। वार्ता के बाद दोनों देशों ने आठ बिंदुओं पर सहमति जताई, जिनका उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बनाए रखना और सीमा विवाद के समाधान की दिशा में बातचीत को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्षों ने नेताओं के मार्गदर्शन के अनुरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा द्विपक्षीय संबंधों के स्वस्थ और स्थिर विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने 2005 में हुए सीमा विवाद समाधान के राजनीतिक मानदंड और मार्गदर्शक सिद्धांतों के समझौते तथा बाद की विशेष प्रतिनिधि वार्ताओं में बनी सहमतियों के आधार पर सीमा समाधान के ढांचे पर बातचीत आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। लक्ष्य एक न्यायसंगत, उचित और दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचना है। वार्ता में तय हुआ कि सीमा निर्धारण पर विशेषज्ञ समूह और सीमा प्रबंधन पर कार्यकारी तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत अलग-अलग समूह अपनी चर्चा आगे बढ़ाएंगे। दोनों समूहों का पहला काम अपने-अपने कार्यक्षेत्र तय करना होगा। दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुए कि एलएसी पर किसी भी स्थिति का समाधान मौजूदा राजनयिक और सैन्य तंत्र, जैसे डब्ल्यूएमसीसी, स्थानीय कमांडर स्तर की बैठकों और अन्य स्थापित व्यवस्थाओं के जरिए तुरंत किया जाएगा, ताकि गलतफहमी और तनाव से बचा जा सके। सीमा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए दो नए बैठक स्थलों पर वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की बैठकें आयोजित करने पर सहमति बनी। इसके अलावा पूर्वी और मध्य सेक्टर में दो नई सैन्य हॉटलाइन भी स्थापित की जाएंगी। दोनों देशों ने सीमा पार सहयोग में हुई प्रगति का स्वागत किया। भारत ने कैलाश-मानसरोवर यात्रा के लिए चीनी पक्ष द्वारा भारतीय आधिकारिक यात्रियों के बैच बढ़ाने की सराहना की। दोनों देशों ने यह भी तय किया कि विशेष प्रतिनिधियों की 26वें दौर की वार्ता वर्ष 2027 में भारत में आयोजित की जाएगी।

## जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई: पांच प्रतिष्ठानों में कर अनियमितताएं उजागर

**थिंक राजस्थान**

जयपुर। राज्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने कर अनुपालन सुनिश्चित करने, कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से 21 व 22 अगस्त को अजमेर, जोधपुर, डीडवाना–कुचामन और कोटपूतली– बहरोड़ में कार्रवाई करते हुए पांच प्रतिष्ठानों का निरीक्षण वाणिज्यिक कर विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्रवाई के दौरान टर्नओवर छिपाने, अघोषित स्टॉक, अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) तथा बिना उचित बिलिंग के कारोबार से संबंधित महत्वपूर्ण अनियमितताएं सामने आईं। इन मामलों में कुल 66.95 लाख रुपए की संभावित/चिह्नित कर देयता सामने आई है, जिसमें से 65.95 लाख रुपए की राशि स्वेच्छा से जमा की गई है। अजमेर में नीरज सेल्स कॉरपोरेट तथा यूनिक बाथकेयर के परिसरों का सर्वे किया गया।

## भारत और जापान ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने पर जताई सहमति



**थिंक राजस्थान**

टोक्यो। भारत और जापान ने स्टार्टअप, डीप-टेक, नवाचार और एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को टोक्यो में आयोजित भारत-जापान स्टार्टअप गोलमेज बैठक में कहा कि पिछले एक दशक में लगभग 2.5 लाख स्टार्टअप्स के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है और जापानी निवेश तथा तकनीकी सहयोग के लिए भारत एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है। बैठक में दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं और स्टार्टअप संस्थापकों ने हिस्सा लिया। चर्चा का मुख्य फोकस प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत बनाने, निवेश को बढ़ावा देने और नवाचार-आधारित आर्थिक सहयोग के अगले चरण को गति देने पर रहा। उन्होंने कहा कि भारत और जापान की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं और दोनों देश मिलकर भविष्य की तकनीकों में वैश्विक नेतृत्व स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने जापानी निवेशकों से इस पहल में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## संपादकीय

### रक्षाबंधन पर पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र, सुरक्षा का दिया संदेश



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्री नामदेव निःशुल्क योग क्लास, श्री श्याम वाटिका के योग गुरु मोहन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में महिला योग साधिकाओं एवं साधकों ने सरदारशहर थाने पहुंचकर थाना अधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत सहित पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे। इस अवसर पर योग साधिकाओं ने पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और विश्वास जताते हुए बहन-बेटियों की सुरक्षा की अपेक्षा रखी। थाना अधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत ने भी सभी बहनों को सुरक्षा और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पुलिसकर्मियों ने योग परिवार का आत्मीय स्वागत किया और चाय-नाश्ता करवाया। योग गुरु मोहन लाल शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात समाज की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। ऐसे में उन्हें रक्षा सूत्र बांधना उनके प्रति सम्मान, विश्वास और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच भाईचारे एवं विश्वास का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में संयोजक पवन कुमार भोजक, मीडिया प्रभारी सांवर मल सोनी सहित योग साधक एवं महिला योग साधिकाएं मौजूद रहीं। योग परिवार ने थाना अधिकारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया। योग परिवार ने थाना अधिकारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### वांछित आरोपी को पकड़ने पर तीन पुलिसकर्मियों को 25 हजार का नकद इनाम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। फरार चल रहे वांछित आरोपी सुभाष उर्फ भाला को दस्तयाब कर न्यायालय में पेश कर जेल करवाने पर सरदारशहर पुलिस के तीन पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक चूरू की ओर से कुल 25 हजार रुपए का नकद इनाम एवं प्रशंसा-पत्र दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद द्वारा 25 अगस्त को जारी आदेश के अनुसार, एएसआई हिम्मत सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार एवं कांस्टेबल शिवकुमार ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसआई हिम्मत सिंह को 13 हजार रुपए तथा कांस्टेबल विनोद कुमार और शिवकुमार को 6-6 हजार रुपए का नकद इनाम दिया गया। सरदारशहर पुलिस टीम ने आरोपी को दस्तयाब कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुभाष उर्फ भाला विभिन्न मामलों में फरार चल रहा था।

# इंसानियत एकता सेवा समिति ने जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत कर किया फल वितरण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। जिला मुख्यालय स्थित पुरानी सड़क, गोयल हॉस्पिटल के पास जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य स्वागत किया गया। समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों को फल, बिस्किट एवं पानी की बोतलें वितरित की गईं। समिति संस्थापक करामत खान ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को इंसानियत, अमन और भाईचारे का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया जाता है। समिति उपाध्यक्ष आवेश कुरैशी ने बताया कि कार्यक्रम में व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान, एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी, पूर्व पीएमओ डॉ. एफ.एच. गौरी, डॉ. अख्तर खान, एडवोकेट आबिद बहलीम सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया। इस दौरान असलम खान, परवेज खान, अयूब खान चायल, मोहम्मद रफीक राजगढ़िया, सुलेमान मनीहार, यूनुस अली भाटी, नौशाद खान, अरशद खान, महबूब खान, प्राप्त खान, विमल शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज अग्रवाल, तौफीक खान, बिलाल खान, तारीक खिलजी, नदीम खान, जाहिद खान, जाकिर खान, सोयल खान, अबरार खान, इंजमाम खान, जुबेर खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में समिति उपाध्यक्ष आवेश कुरैशी ने जुलूस में शामिल लोगों, सहयोगकर्ताओं और समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पुरानी सड़क स्थित गोयल हॉस्पिटल के पास जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य स्वागत किया गया। समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों को फल, बिस्किट एवं पानी की बोतलें वितरित की गईं। समिति संस्थापक करामत खान ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को इंसानियत, अमन और भाईचारे का संदेश दिया। ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया जाता है।





## उदयपुर में ट्रेलर से भिड़ी तेज रफ्तार बस, सीटें टूटकर सड़क पर गिरीं; 3 की मौत, 10 घायल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। जिले में बुधवार शाम नेशनल हाईवे-48 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। मेनार डाक बंगले के पास तेज रफ्तार निजी बस ओवरटेक करने के दौरान आगे चल रहे ट्रेलर के पिछले हिस्से से जा भिड़ी। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 यात्री घायल हो गए।

घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। खेरोदा थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार के अनुसार बस चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ से करीब 35 यात्रियों को लेकर उदयपुर की ओर आ रही थी। मेनार डाक बंगले के सामने चालक ने तेज गति से ट्रेलर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेलर के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस की छत और कंडक्टर साइड का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर उखड़ गया। बस की कई सीटें टूटकर सड़क पर जा गिरीं। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही खेरोदा थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया।



### स्कूलों की बाल वाटिकाओं में ईसीसीई बाल मेले आयोजित होंगे

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसाओं के अनुरूप महात्मा गांधी विद्यालयों में संचालित बालवाटिकाओं के बच्चों के लिए ईसीसीई बाल मेले आयोजित किए जाएंगे।राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा को इस बाबत निर्देश दिए हैं। बाल मेलों का आयोजन सत्र में दो बार किया जाएगा। प्रथम बाल मेले की संभावित तिथि 12 से 14 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को आनंददायी, रचनात्मक एवं अनुभवात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना तथा अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना है। विद्यालय में कम से कम चार गतिविधि स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं समुदाय की सहभागिता रहेगी। गतिविधियों में स्थानीय कला एवं समुदाय की प्रतिभाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## अजमेर में कांग्रेस के सभी गुट एक जाजम पर, विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को घेरने की कोशिश

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। स्थानीय निकाय चुनाव नजदीक आते ही अजमेर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष एवं अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी पर भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर लोक बंधु को लिखित शिकायत दी है। कांग्रेस नेताओं ने देवनानी पर संवैधानिक पद की गरिमा और आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एक संवैधानिक पद है और इस पद पर रहते हुए भाजपा के कार्यक्रमों में पार्टी का दुपट्टा पहनकर प्रचार करना पद की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद देवनानी भाजपा की बैठकों में शामिल हो रहे हैं और उनके साथ सरकारी लवाजमा भी रहता है। कांग्रेस ने मांग की कि यदि वे पार्टी कार्यकर्ता के रूप में प्रचार करना चाहते हैं तो संवैधानिक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने भी देवनानी पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए किसी राजनीतिक दल का प्रचार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देवनानी अजमेर उत्तर से विधायक जरूर हैं, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष का पद उससे बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी है। इस पूरे मामले के दौरान अजमेर कांग्रेस के अलग-अलग गुटों के वरिष्ठ नेता एक साथ नजर आए। लंबे समय से गुटबाजी से जूझ रही कांग्रेस के लिए यह एकजुटता आगामी निकाय चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

कांग्रेस पिछले 36 वर्षों से अजमेर नगर निगम में अपना बोर्ड नहीं बना सकी है। हर चुनाव में पार्टी के नेता एक मंच पर नजर आते हैं, लेकिन चुनावी मैदान में गुटबाजी का असर दिखाई देता रहा है।



### बोर्ड परीक्षा-2027 के बारकोडयुक्त आवेदन 10 सितंबर तक नोडल केन्द्रों पर जमा होंगे

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। माध्यमिक,उच्च माध्यमिक मुख्य परीक्षा-2027 के परीक्षार्थियों के भरे हुए बारकोडयुक्त आवेदन-पत्रों को चालान सहित नोडल केन्द्रों पर 10 सितंबर 2026 तक जमा करवाना होगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा विभाग को दिए निर्देश में स्पष्ट किया है कि निर्धारित श्रेणियों के बारकोडयुक्त आवेदन-पत्र ही नोडल केन्द्रों पर जमा करवाए जाएं।

निर्देशों के अनुसार माध्यमिक एवं प्रवेशिका परीक्षा के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के सभी बारकोडयुक्त आवेदन-पत्र नोडल केन्द्रों पर जमा होंगे।

वहीं उच्च माध्यमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के सभी बारकोडयुक्त आवेदन-पत्र जमा करवाने होंगे।

## बरोला परिवार की पहल: मेधावी विद्यार्थियों और व्याख्याता को हवाई यात्रा का पुरस्कार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव घंटेल के बरोला परिवार ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल की है। परिवार की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोथियावास, सुजानगढ़ के वर्ष 2026 बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच मेधावी विद्यार्थियों को हवाई यात्रा का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में मिट्टू खेरिया, लक्ष्मी पूनिया, खुशी सींवर, पिंकी चिनिया और सहीराम पूनियां शामिल हैं। वहीं राजनीति विज्ञान विषय में विद्यालय के सभी 35 विद्यार्थियों के 75 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर व्याख्याता लालाराम गढ़वाल को भी सम्मान स्वरूप विद्यार्थियों के साथ हवाई यात्रा का अवसर दिया गया। यह पुरस्कार स्व. राधेश्याम बरोला, अध्यापक की स्मृति में बरोला परिवार घंटेल की ओर से प्रदान किया गया। परिवार का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह, बेहतर प्रदर्शन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान करना है।



बरोला परिवार की ओर से यह पहल लगातार जारी है। इससे पहले वर्ष 2024 में लालचंद खेरिया और वर्ष 2025 में कविता खेरिया को भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर हवाई यात्रा का पुरस्कार दिया जा चुका है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूलाल सैनी ने बरोला परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने स्व. राधेश्याम बरोला की स्मृति में परिवार द्वारा किए जा रहे इस अनुकरणीय प्रयास की सराहना की। बरोला परिवार की यह पहल लगातार जारी है।

इससे पहले वर्ष 2024 में लालचंद खेरिया और वर्ष 2025 में कविता खेरिया को भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर हवाई यात्रा का पुरस्कार दिया जा चुका है।

## बहादुर कॉलोनी में भाजपा के मुख्य चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए बुधवार को बहादुर कॉलोनी में मुख्य चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में फीता काटकर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अशोक पींचा, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी तथा चुनाव प्रभारी हेमन्त लाम्बा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद कार्यालय परिसर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और चुनाव में सफलता की कामना की गई। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी की जीत के लिए पूरी मेहनत से जुटने का आह्वान किया। नेताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, सत्यनारायण सारण, ईश्वरचंद डूडी, मुरलीधर सैनी, सुरेश वर्मा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे। कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही भाजपा की चुनावी गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद जताई गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में उत्साह व्यक्त करते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत स्थिति में लाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया।



## निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस को मिले 38 हजार से ज्यादा आवेदन, डोटासरा बोले- Gen Z और युवाओं में ज्यादा उत्साह

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। 27 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने वाली है, ऐसे में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल प्रत्याशियों के चयन में जुटे हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार पार्टी 30 अगस्त तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस के मुताबिक 309 निकायों के 10,245 वार्डों के लिए अब तक 38 हजार से ज्यादा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। बड़ी संख्या में आवेदन मिलने से कांग्रेस में उत्साह है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से जनता परेशान है और इसी वजह से कांग्रेस की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। डोटासरा ने बताया कि अकेले जयपुर के 150 वार्डों के लिए 2 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। कई वार्डों में पांच-पांच से अधिक दावेदारों ने आवेदन किया है। उन्होंने दावा किया कि इस बार बड़ी संख्या में Gen Z और युवा टिकट के लिए आवेदन कर रहे हैं। डोटासरा के अनुसार 30 अगस्त तक आवेदनों की संख्या 40 हजार से अधिक हो सकती है। टिकट की दावेदारी को लेकर कांग्रेस नेताओं के आवास और पार्टी कार्यालयों में भी कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर आ रही है। बड़ी संख्या में दावेदार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय और कांग्रेस वॉर रूम पहुंचकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा से भी मंगलवार को कई कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर टिकट की मांग रखी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर भी अलग-अलग क्षेत्रों से दावेदार पहुंच रहे हैं। मंगलवार रात भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की। इसके अलावा सांसदों, विधायकों और विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों से भी टिकट के लिए सिफारिश और समर्थन मांगने का सिलसिला जारी है। कांग्रेस में बड़ी संख्या में आए आवेदनों के बाद अब पार्टी के सामने उम्मीदवारों के चयन की चुनौती है। पार्टी स्तर पर दावेदारों की छंटनी और स्थानीय स्तर पर मजबूत प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।



# राजस्थान/ प्रादेशिक

# SMS अस्पताल में करोड़ों के मेंटेनेंस के बावजूद बदहाल व्यवस्था, मरीजों की सुरक्षा पर सवाल

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल में भवनों के रखरखाव और मरम्मत पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद मरीजों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में अस्पताल में एक महिला के सिर पर पंखा गिरने से वह घायल हो गई। महिला के सिर में 10 से अधिक टांके आए। अस्पताल में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी फॉल सीलिंग और प्लास्टर गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अस्पताल की पुरानी इमारतों में बारिश के दौरान सीलन और पानी के रिसाव की समस्या बढ़ जाती है। इसके चलते कई जगह प्लास्टर कमजोर होकर गिरने लगता है और फॉल सीलिंग भी क्षतिग्रस्त हो जाती है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ चिकित्सकों व कर्मचारियों में भी हादसे का डर बना रहता है। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी के अनुसार अस्पताल की बिल्डिंग के रखरखाव और मेंटेनेंस का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) करता है, जबकि इसके लिए फंड अस्पताल की ओर से उपलब्ध करवाया जाता है। इसके बावजूद समस्याएं बनी रहने पर PWD की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल परिसर की सड़कों की स्थिति भी खराब है। बारिश के बाद कई जगह सड़कें कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं और मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाल ही में मुख्यमंत्री के अस्पताल दौरे के दौरान टूटी सड़क को लेकर नाराजगी जताई गई थी और सड़क निर्माण के निर्देश दिए गए थे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार JDA और PWD के बीच काम को लेकर जिम्मेदारी तय करने में भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। भवन संबंधी समस्याओं की निगरानी और मेंटेनेंस के लिए सिविल और इलेक्ट्रिक विभाग से JEN और AEN स्तर के अधिकारियों की तैनाती भी की गई है। इसके बावजूद जर्जर हिस्सों की समय पर पहचान और मरम्मत नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल में पहले शॉर्ट सर्किट के कारण आगजनी की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। SMS अस्पताल परिसर में हर समय बड़ी संख्या में मरीज, उनके परिजन, डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहते हैं।






## नगरीय निकाय आम चुनाव में 27, 29 एवं 31 अगस्त तक नामांकन प्रस्तुत कर सकेंगे अभ्यर्थी



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयोग ने "एक राज्य-एक चुनाव" के सिद्धांत के अनुरूप जयपुर जिले के नगरीय निकायों के आम चुनाव दो चरणों में कराने का कार्यक्रम घोषित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी म्युनिसिपल संदेश नायक ने बताया कि सदस्य पद के लिए लोक सूचना 27 अगस्त तथा नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त है। इसी प्रकार नामांकन पत्रों की सवीक्षा 1 सितंबर को एवं अभ्यर्थिता वापस लेने की अन्तिम तिथि 3 सितंबर अपराह्न 3:00 बजे तक है। निर्वाचन चिन्हों का आवंटन 04 सितम्बर को किया जाएगा। प्रथम चरण में नगर परिषद एवं नगर पालिका के सदस्यों के लिए मतदान 9 सितम्बर को तथा द्वितीय चरण में नगर निगम के सदस्यों के लिए 11 सितम्बर को प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक मतदान होगा। अभ्यर्थी 27,29 एवं 31 अगस्त 2026 को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के यहाँ पर नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। इस निर्वाचन में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का उपयोग किया जाएगा।

## त्यौहारी सीजन में खाद्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान शुद्ध आहार-मिलावट पर वार के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मैसर्स रिद्धि सिद्धि जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा निर्मित मिठाई बर्फी का नमूना लिया। इसी प्रकार श्री जी स्वीट कॉर्नर एंड मावा भंडार, बस स्टैंड पीपलू से बेसन के लड्डू तथा गुरु कृपा मावा एंड मिष्ठान भंडार से खोया का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तिलक वर्मा एवं होमगार्ड कालूराम गुर्जर मौजूद रहे, जबकि वाहन चालक जितेंद्र बैरवा ने टीम के साथ सहयोग किया।

## पेट्रोल टैंकर में आग की सूचना से मचा हड़कंप, सबसे पहले मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बुधवार को शहर के कामधेनु सर्किल पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पेट्रोल टैंकर में आग लगने, चालक की मौत होने तथा कई लोगों के टैंकर में फंसे होने की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक महकमे में अचानक हलचल मच गई। आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और राहत-बचाव कार्यों के समन्वय को परखने के लिए संबंधित विभागों की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल भंवरलाल वैष्णव अपनी पुलिस टीम के साथ सबसे पहले मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल मोर्चा संभालते हुए घटनास्थल की सुरक्षा व्यवस्था अपने नियंत्रण में ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू करवाई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचते ही आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया।

## बीकानेर की 7 नगरीय निकायों में मतदान की तारीख बदली, नगर निगम में 9 और छह पालिकाओं में 11 सितंबर को वोटिंग

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिले की सातों नगरीय निकायों में प्रस्तावित मतदान कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग ने बदलाव किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी की सिफारिश और विभिन्न मेलों, त्योहारों, धार्मिक यात्राओं एवं सामाजिक संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए आयोग ने मतदान की तारीखों में संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर नगर निगम में अब 11 सितंबर के बजाय 9 सितंबर को मतदान होगा। वहीं जिले की छह नगर पालिकाओं नोखा, श्रीडूंगरगढ़, देशनोक, खाजूवाला, लूणकरणसर और नापासर में मतदान 9 सितंबर के बजाय 11 सितंबर को कराया जाएगा। यानी बीकानेर नगर निगम में मतदान दो दिन पहले और छह नगर पालिकाओं में दो दिन बाद होगा। मतदान की तारीख में बदलाव के बाद जिला निर्वाचन प्रशासन को चुनावी तैयारियों को भी नए कार्यक्रम के अनुसार व्यवस्थित करना होगा। आयोग ने स्थानीय परिस्थितियों और विभिन्न धार्मिक-सामाजिक आयोजनों को देखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का व्यवधान न हो।

बीकानेर के अलावा पाली और सीकर में भी मतदान कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पाली नगर निगम में 9 सितंबर को प्रस्तावित मतदान अब 11 सितंबर को होगा। यहां जैन समाज के पर्युषण महापर्व को देखते हुए मतदान की तारीख बदली गई है।

वहीं सीकर की फतेहपुर नगर परिषद के मतदान कार्यक्रम में भी स्थानीय परिस्थितियों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए संशोधन किया गया है। आयोग ने स्थानीय परिस्थितियों के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का व्यवधान न हो।

## लायंस क्लब जयपुर डायमंड ने किया सी. रॉबर्ट रेटबी का स्वागत, दृष्टिबाधित बच्चियों को बांटे उपहार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। लायंस क्लब जयपुर डायमंड की ओर से बुधवार को जगतपुरा स्थित दिव्य ज्योति ब्लाइंड स्कूल में लायंस क्लब इंटरनेशनल के थर्ड वाइस प्रेसिडेंट सी. रॉबर्ट रेटबी का भव्य स्वागत किया गया। लायंस क्लब जयपुर डायमंड की अध्यक्ष प्रीती सक्सैना ने बताया कि स्विट्जरलैंड से जयपुर पहुंचे रेटबी का क्लब सदस्यों एवं लायंस पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आशुतोष वशिष्ठ, आईडी एंडोर्सी लॉयन कुलभूषण मित्तल (जिनकी कार्यक्रम में विशेष भूमिका रही), पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलोक अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अरविंद खुराना, कैबिनेट ट्रेजरर लॉयन अर्पिता वशिष्ठ, सुधीर जैन, तेजिंदर गर्ग, अजय अग्रवाल, रीजन एडमिनिस्ट्रेटर अशोक जिंदल, जोन चेयरपर्सन दीपक शर्मा, सुनील ब्योत्रा, डॉ. राजीव वशिष्ठ, मदन मोहन पालीवाल (सचिव), वीरेंद्र सिंह (कोषाध्यक्ष), आईपीपी ममता पंचोली, योगेश भारद्वाज, जी.एल. यादव, कार्यक्रम संयोजक नवीन सारस्वत, अनिल बाफना, अनुप्रा शर्मा, विनय पाराशर रहे। प्रांत से रामकुमार गुप्ता, विनोद जालान, वीरेन करोडिया, उपमा सारस्वत एवं संजय सारस्वत सहित लायंस इंटरनेशनल के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। लायंस क्लब जयपुर डायमंड द्वारा पिछले पांच वर्षों से दिव्य ज्योति ब्लाइंड स्कूल की 60 दृष्टिबाधित बच्चियों के लिए प्रतिदिन दूध की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही क्लब की ओर से समय-समय पर सूखा राशन, यूनिफॉर्म एवं जरूरत का अन्य सामान भी उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न त्योहारों और उत्सवों को भी क्लब सदस्य इन बच्चियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी. रॉबर्ट रेटबी ने लायंस क्लब जयपुर डायमंड द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग की निरंतर सेवा करना ही लायंस इंटरनेशनल की मूल भावना है। उन्होंने दिव्य ज्योति ब्लाइंड स्कूल की बच्चियों के लिए किए जा रहे इन प्रयासों को बेहद प्रेरणादायी बताया। क्लब भविष्य में भी बच्चियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी सेवा गतिविधियाँ जारी रखेगा।



## 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

प्रतापगढ़। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी प्रतापगढ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए आरोपी मदन लाल पटवारी को 6,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी. बी. की चौकी प्रतापगढ पर दिनांक 24.08.2026 को एक शिकायत इस आशय की मिली कि पटवार मण्डल रोहणिया का पटवारी मदन लाल परिवादी के गांव के लोगो व परिवादी तथा उसके परिवार वालो से प्रत्येक पट्टा ऑनलाईन करने व मौका देखने कि एवज में 2000-2000 हजार रूपये की रिश्वत कि मांग कर परेशान कर रहा है। जिसमें मेरे व मेरे परिवार वालो के कुल 03 पट्टे है जिनको ऑनलाईन करने व मौका देखने के लिये कुल तीन पट्टो की राशि 6,000/- रूपये मांग रहा है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हैंडबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर में हैंडबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हैंडबॉल के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में एस.एम.एस. क्लब ने यूनाइटेड क्लब को 4-3 से तथा रॉयल क्लब ने आर.पी. क्लब को 8-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में एस.एम.एस. क्लब ने रॉयल क्लब को 15-12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रॉयल क्लब द्वितीय तथा यूनाइटेड क्लब तृतीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में आर.एस.एस.सी. ने कनोडिया क्लब को 4-1 से तथा महारानी कॉलेज ने आर.पी. क्लब को 6-4 से हराया। फाइनल में महारानी कॉलेज ने आर.एस.एस.सी. को 7-5 से हराकर खिताब जीता। इस वर्ग में महारानी कॉलेज प्रथम, आर.एस.एस.सी. द्वितीय तथा कनोडिया क्लब तृतीय स्थान पर रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग का फाइनल एस.एम.एस. स्टेडियम और स्टार अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें एस.एम.एस. स्टेडियम विजेता रहा। बालक वर्ग में कुल 4 टीमों ने भाग लिया। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल आर.एस.एस.सी. अकादमी और एस.एम.एस. स्टेडियम के बीच खेला गया, जिसमें आर.एस.एस.सी. अकादमी विजेता रही। बालिका वर्ग में कुल 2 टीमों ने भाग लिया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में हैंडबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।





## कुमावत समाज 30 अगस्त को करेगा 80 वरिष्ठ धरोहरों का अभिनंदन : श्रमजीवी कॉलेज ऑडिटोरियम में सजेगा सम्मान समारोह

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। कुमावत वेलफेयर सोसायटी द्वारा 30 अगस्त को समाज के 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के 80 वरिष्ठजनों (महिला व पुरुष) का 'धरोहर अभिनंदन-सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। इस वृहद आयोजन की तैयारियों को लेकर सूरजपोल स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर में सोसायटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सोसायटी के महामंत्री माणक बबेरीवाल ने बताया कि 30 अगस्त को आयोजित होने वाले समारोह के सफल संचालन के लिए विभिन्न व्यवस्था समितियों का गठन किया गया है। इनमें स्वागत समिति, भोजन निर्माण, वितरण समिति, जल व्यवस्था और पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) समिति शामिल हैं। 80 वरिष्ठों का अभिनंदनः सोसायटी अध्यक्ष सुधीर कुमावत ने जानकारी दी कि श्रमजीवी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 80 वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन वरिष्ठों ने समाज को उच्च आदर्श, संस्कार और एकता का पाठ पढ़ाकर समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

विशिष्ट सेवा सम्मानः कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र झालवार ने कहा कि बुजुर्ग समाज की असली धरोहर हैं और उनका अभिनंदन करना समाज के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में समाज को दीर्घकालिक एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठों को विशेष सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

तैयारी बैठक में लक्ष्मीनारायण, डूंगरसिंह, दिनेश बबेरीवाल, पंकज झालवार, राजेंद्र झालवार, नरपत सिंह मेरावंडिया, हिम्मत कवाया, ताराचंद घीया, गणेश बबेरीवाल, चतर सिंह, रोशनलाल, नरेंद्र मेरावंडिया सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कुमावत वेलफेयर सोसायटी की ओर से 30 अगस्त को समाज के 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के 80 वरिष्ठ महिला-पुरुषों का 'धरोहर अभिनंदन-सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर सूरजपोल स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर में सोसायटी की बैठक हुई। सोसायटी महामंत्री माणक बबेरीवाल ने बताया कि समारोह के सफल संचालन के लिए स्वागत, भोजन निर्माण, वितरण, जल व्यवस्था और पंजीयन सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। सोसायटी अध्यक्ष सुधीर कुमावत ने बताया कि श्रमजीवी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में होने वाले समारोह में 80 वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।



## आदिनाथ महिला मंडल ने भक्तिभाव से किया पंच परमेष्ठी विधान किया आयोजन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया, अमीरगंज टोंक में बुधवार को आदिनाथ महिला मंडल के तत्वावधान में पंच परमेष्ठी विधान का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन लावा वाले अनिल जी शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पंच परमेष्ठी भगवान की आराधना की। विधान की शुरुआत मंगलाचरण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। महिला श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के अनुसार पंच परमेष्ठी भगवान की पूजा करते हुए धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण, धार्मिक मंत्रोच्चार और जयघोष से गूंज उठा। अनिल शास्त्री ने अपने प्रवचन में पंच परमेष्ठी भगवान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन धर्म में पंच परमेष्ठी की आराधना आत्मकल्याण और मोक्ष मार्ग की प्रेरणा देती है। विधान में शामिल महिलाओं ने भक्ति गीतों और स्तुति के माध्यम से भगवान की महिमा का गुणगान किया।



## मनोरंजन समाचार

# यश का मैग्नेटिक अवतार, सिर्फ स्वैग ही नहीं, मजबूत महिला किरदारों से सजी है 'टॉक्सिक'

लंबा इंतजार, भारी भरकम बजट, पैन-इंडिया स्टार यश की बड़ी स्क्रीन पर वापसी और लीक से हटकर सिनेमा बनाने वाली निर्देशक गीतू मोहनदास की जुगलबंदी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर दर्शकों और क्रिटिक्स के बीच जबरदस्त माहौल बना हुआ था। 1940 के दशक के बैकड्रॉप पर बनी यह बॉलीवु फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चा में रही। गीतू मोहनदास की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म एक साथ गैंगस्टर ड्रामा, फैमिली इमोशंस, साइकोलॉजिकल थ्रिलर और विजुअल स्पेक्टेकल बनने की कोशिश करती है। 194 मिनट की यह फिल्म कुछ जगहों पर बेहद शानदार और प्रभावी है, लेकिन कई मोर्चों पर अपनी ही कहानी की गति के आगे हावी और उलझी हुई नजर आती है। पूरा रिव्यू जानने के लिए नीचे स्क्रोल करें। फिल्म की कहानी 1940 के दशक के गोवा के अंडरवर्ल्ड और आपराधिक साम्राज्य के इर्द-गिर्द बुनी गई है। कहानी के केंद्र में है 'राया' (यश), एक ऐसा निर्दयी गैंगस्टर



जिसकी जिंदगी हिंसा, असीमित महत्वाकांक्षा और पेचीदा रिश्तों के ताने-बाने से घिरी हुई है। राया के जीवन में उसकी बड़ी बहन गंगा (नयनतारा) एक मजबूत और महत्वपूर्ण स्तंभ की तरह खड़ी है। राया के इर्द-गिर्द कई महिलाएं मौजूद हैं नाडिया (कियारा आडवाणी), रेबेका (तारा सुतारिया), मेलिसा (रुक्मिणी वसंत) और एलिजाबेथ (हुमा कुरैशी)। ये सभी किरदार अलग-अलग परिस्थितियों में राया की जिंदगी से जुड़े हुए हैं। स्क्रीन पर राया के कैरेक्टर को जिस तरह से पेश किया गया है, उसमें 'KGF' के रॉकी भाई की झलक महसूस होती है। रॉकी की तरह राया भी एक आम हीरो के बजाय 'लार्जर देन लाइफ' व्यक्तित्व है, जिसकी साख और खौफ उसके आने से पहले ही माहौल बना देता है। लेकिन दोनों में बड़ा अंतर यह है कि गीतू मोहनदास राया के चरित्र की जटिलताओं और उसकी कमियों को दिखाने में ज्यादा दिलचस्पी रखती हैं। यदि कोई एक डिपार्टमेंट है जिसमें 'टॉक्सिक' पूरी तरह से अपनी छाप छोड़ती है तो वह है इसका तकनीकी पहलू। 1940 के गोवा के दौर को बड़े पर्दे पर री-क्रिएट करने के लिए मेकर्स ने काफी मेहनत की है। फिल्म के सेट, कॉस्ट्यूम डिजाइन और ओवरऑल प्रोडक्शन वैल्यू एक ऐसी दुनिया का निर्माण करते हैं जो वास्तविकता से बड़ी और भव्य लगती है। 'टॉक्सिक' एक ऐसी फिल्म है जिसकी तारीफ और सराहना करना आसान है, लेकिन इसे पूरी तरह से अपनाना थोड़ा मुश्किल।

फिल्म में बेहतरीन क्राफ्टमैनशिप देखने को मिलती है, शानदार प्रोडक्शन डिजाइन, कल्पनाशील एक्शन सीक्वेंस और यश की स्क्रीन पर अविश्वसनीय उपस्थिति। कुल मिलाकर 'टॉक्सिक' एक दिलचस्प अधर में खड़ी नजर आती है, यह इतनी बेहतरीन बनी है कि इसे खारिज नहीं किया जा सकता और इतनी बिखरी हुई है कि इसे पूरी तरह से रिकमेंड भी नहीं किया जा सकता।

## 24 साल बाद टीवी पर होस्ट बनकर लौट रहीं माधुरी दीक्षित, 'कोण होणार करोडपती' में दिखेगा नया अंदाज



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने अपने लंबे फिल्मी करियर में एक्टिंग और डांस से तो दर्शकों का दिल जीता ही है, अब वह एक नई जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही टीवी के लोकप्रिय क्विज शो के मराठी वर्जन 'कोण होणार करोडपती' को होस्ट करती नजर आएंगी। यह शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के लोकप्रिय फॉर्मेट पर आधारित है। खास बात यह है कि माधुरी करीब 24 साल बाद एक बार फिर टीवी होस्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं। शो को लेकर वह काफी उत्साहित हैं, और उन्होंने बताया कि उन्हें इस प्रोजेक्ट की तरफ सबसे ज्यादा कंटेस्टेंट्स की कहानियों और उनके सपनों ने आकर्षित किया। शो में शामिल होने की वजह बताते हुए माधुरी दीक्षित ने कहा, '''कोण होणार करोडपती' सिर्फ सवालों के जवाब देकर पैसे जीतने वाला शो नहीं है, बल्कि यह लोगों के आत्मविश्वास और सपने देखने की हिम्मत से भी जुड़ा है। मुझे सबसे ज्यादा उत्साह इस बात का है कि मैं कंटेस्टेंट्स की कहानियों और उनके सपनों के जरिए उनसे जुड़ पाऊंगी। लोगों की जिंदगी के बारे में जानना और उनके सपनों को समझना मुझे इस शो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करता है।'' माधुरी ने एक्टिंग और होस्टिंग के बीच के अंतर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ''एक अभिनेता को कैमरे के सामने किसी किरदार में ढलना पड़ता है, जबकि होस्ट के तौर पर वह खुद रह सकता हैं। इस शो में दर्शक मेरा स्वाभाविक अंदाज देखेंगे।

## अपने ही शहर में टूरिस्ट बनीं श्रद्धा कपूर, मुंबई की सड़कों से लेकर खाने तक की दिखाई झलक

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी सादगी और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी छोटी-छोटी झलकियां साझा करती रहती हैं। कभी वह अपने परिवार के साथ बिताए पलों की तस्वीरें दिखाती हैं, तो कभी अपने सफर और पसंदीदा चीजों से फैंस को रूबरू कराती हैं। अब श्रद्धा ने अपने ही शहर मुंबई को एक टूरिस्ट की नजर से देखने की कोशिश की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें वह मुंबई की गलियों में घूमती और शहर के अलग-अलग रंगों को महसूस करती नजर आ रही हैं। श्रद्धा कपूर की ओर से इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। पोस्ट में एक तस्वीर उनकी गाड़ी के अंदर की है, जिसमें वह सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह एक रेस्टोरेंट में बैठी हुई भी दिखाई दे रही हैं। एक अन्य तस्वीर में खाने से सजी पूरी टेबल नजर आ रही है, जिसमें टेस्टी खानों से भरी थालियां रखी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने गाड़ी से बनाए गए दो वीडियो भी साझा किए। पहले वीडियो में मुंबई का हाईवे दिखाई देता है। सामने चौड़ी सड़क और उसके दोनों ओर ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं। दूसरे वीडियो में सड़क किनारे लगा हुआ कपड़ों का बाजार दिखाई देता है। इस बाजार में काफी भीड़ नजर आ रही है और लोग दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ श्रद्धा ने लिखा, "खुद की सिटी में टूरिस्ट बने हो कभी?" श्रद्धा कपूर के फिल्मी सफर की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में फिल्म 'तीन पत्ती' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हालांकि उन्हें असली पहचान साल 2013 में आई फिल्म 'आशिकी 2' से मिली। इस फिल्म में उन्होंने आरोही का किरदार निभाया था और उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके बाद वह 'एक विलेन' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख थे। उन्होंने 'हैदर', 'एबीसीडी 2', 'बागी', 'रॉक ऑन 2', 'ओके जानू', 'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'स्त्री' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। 'स्त्री' में उनका रहस्यमयी किरदार दर्शकों को काफी पसंद आया। इसके बाद वह 'साहो', 'छिछोरे', 'बागी 3' और 'तू झूठी मैं मक्कार' जैसी फिल्मों का हिस्सा बनीं। वहीं 'स्त्री 2' की सफलता ने भी श्रद्धा कपूर की लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी सादगी और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया के जरिए अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अब श्रद्धा ने अपने ही शहर मुंबई को एक पर्यटक की नजर से देखा और शहर की गलियों में घूमने का आनंद लिया। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इनमें वह अपनी गाड़ी में सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह एक रेस्टोरेंट में बैठी दिखाई दीं, जबकि एक तस्वीर में खाने से सजी पूरी टेबल नजर आ रही है। अभिनेत्री ने गाड़ी से बनाए गए दो वीडियो भी साझा किए। एक वीडियो में मुंबई का हाईवे और दोनों ओर नजर आतीं ऊंची इमारतें दिखाई दे रही हैं। वहीं दूसरे वीडियो में सड़क किनारे लगा कपड़ों का बाजार नजर आ रहा है, जहां काफी भीड़ और खरीदारी करते लोग दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के साथ श्रद्धा ने लिखा, "खुद की सिटी में टूरिस्ट बने हो कभी?" उनके इस अंदाज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। श्रद्धा के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने वर्ष 2010 में 'तीन पत्ती' से अभिनय की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्हें असली पहचान 2013 में आई 'आशिकी 2' से मिली। इसके बाद वह 'एक विलेन', 'हैदर', 'एबीसीडी 2', 'बागी', 'रॉक ऑन 2', 'स्त्री', 'साहो', 'छिछोरे', 'बागी 3' और 'तू झूठी मैं मक्कार' जैसी फिल्मों में नजर आईं। 'स्त्री' में उनके



रहस्यमयी किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं 'स्त्री 2' की सफलता के बाद श्रद्धा कपूर की लोकप्रियता को और बढ़त मिली। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी सादगी, खुशमिजाज अंदाज और फैंस से जुड़े रहने के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी जिंदगी से जुड़े खास पलों की तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों और वीडियो की एक सीरीज शेयर की।

## क्यों बंद हुआ था CID? दया ने सालों बाद बताया सच, बोले- शो के लिए लता मंगेशकर ने लड़ी थी लड़ाई



यूं तो टीवी पर आए दिन नए शो की शुरुआत होती है, लेकिन कुछ ही ऐसे होते हैं जो दर्शकों के दिलों में खास जगह बना पाते हैं। शिवाजी साटम, दिनेश फडनीस, आदित्य श्रीवास्तव और दयानंद शेट्टी स्टारर 'सीआईडी' उन चुनिंदा शोज में से एक है, जो जब तक चला दर्शकों से खूब प्यार मिला। सीआईडी की शुरुआत 1998 में हुई थी और 2018 तक इस शो ने दर्शकों का मनोरंजन किया। जैसे ही 2024 में ये पॉपुलर क्राइम ड्रामा टीवी पर लौटा, दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हालांकि, 8 साल पहले जब शो बंद हुआ था तो कई दर्शकों मायूस हो गए थे। दर्शकों ने इस शो के बंद होने की वजह भी पूछी। अब सालों बाद शो में दया की भूमिका निभाने वाले दयानंद शेट्टी ने 2018 में शो के बंद होने के पीछे की वजह के बारे में बात की और बताया कि असल में ये शो क्यों बंद किया गया था। दयानंद शेट्टी ने सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत के दौरान 2018 में सीआईडी के बंद होने की वजह पर बात की और साथ ही ये भी बताया कि दिवंगत मशहूर गायिका लता मंगेशकर को ये शो कितना पसंद था और कैसे उन्होंने शो बंद होने पर चैनल से लड़ाई लड़ी थी। दयानंद ने बताया कि सीआईडी के प्रोड्यूसर और एक्टर एक-दूसरे के साथ काफी सहजता के साथ रहते थे। एक्टर्स, शो के प्रोड्यूसर को इतना पसंद करते थे कि उनके बीच कभी कोई कॉन्ट्रैक्ट तक नहीं हुआ था। लेकिन, जब चानल ने प्रोड्यूसर बदलना चाहा तो एक्टर्स ने इसका विरोध किया और शो बंद हो गया। दयानंद शेट्टी ने शो बंद होने की घटना पर बात करते हुए कहा- 'शो को अंदरूनी पॉलिटिक्स के चलते बंद किया गया था। समस्या 2016 में शुरू हुई थी। दरअसल, चैनल प्रोड्यूसर बदलना चाहता था, लेकिन एक्टर इसके लिए तैयार नहीं थे। हम चैनल को नहीं 'फायरवर्क्स' के एक्टर थे। 21 साल से हम साथ काम कर रहे थे और वो भी बिना किसी कॉन्ट्रैक्ट के।

## अजय देवगन की किस्मत बदलने वाले डायरेक्टर कुकू कोहली का निधन



हिन्दी सिनेमा जगत के जाने-माने निर्देशक और 'फूल और कांटे' जैसी सुपरहिट फिल्मों के मेकर्स कुकू कोहली का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में कार्डियक अरेस्ट के कारण उनका निधन हुआ। कुकू कोहली के जाने से न सिर्फ उनका परिवार बल्कि पूरा बॉलीवुड शोक में डूबा है। उनके निधन की खबर से सबसे बड़ा झटका अभिनेता अजय देवगन को लगा है, जिन्हें कुकू कोहली ने ही फिल्म इंडस्ट्री में लॉन्च किया था। अपने करियर की नींव रखने वाले निर्देशक के अचानक चले जाने से अजय देवगन पूरी तरह से टूट गए हैं।

## ब्रेस्ट कैंसर की दवा का हुआ उल्टा असर, छवि मित्तल को फिर आनफानन में करानी पड़ी सर्जरी



मशहूर बॉलीवुड और टीवी अभिनेत्री छवि मित्तल एक बार फिर अपनी सेहत को लेकर सुर्खियों में हैं। स्तन कैंसर की जंग जीतने के बाद अभिनेत्री को हाल ही में गर्भाशय के फाइब्रॉयड को निकलवाने के लिए एक और क्रिटिकल सर्जरी से गुजरना पड़ा। सोशल मीडिया के जरिए अपनी सेहत का हाल साझा करने वाली छवि ने खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के बाद दी जाने वाली दवा 'टामोक्सिफेन' के दुष्प्रभावों के कारण उनकी यह फाइब्रॉयड बहुत तेजी से बढ़ी थी, जिसके बाद ऑपरेशन कराना ही एकमात्र विकल्प बचा था।

हाल ही में छवि मित्तल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को अपनी सर्जरी के बाद की स्थिति की जानकारी दी।

अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हुई छवि ने बेहद दर्द और शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद अपनी रिकवरी की झलक दिखाई। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने न केवल फाइब्रॉयड को बाहर निकाला, बल्कि उनके ओवरी में मौजूद एक डर्मोइड सिस्ट को भी सफलतापूर्वक हटाया।

वीडियो में अभिनेत्री ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि गर्भाशय और फाइब्रॉयड की बायोप्सी रिपोर्ट पूरी तरह से नॉर्मल आई है और उसमें कोई गंभीर संक्रमण या कैंसर के लक्षण नहीं मिले हैं।

## 'गजनी' एक्ट्रेस असिन की बेटी खूबसूरती में नहीं मां से कम, खास अंदाज में लाइमलाइट चुराती दिखीं नन्हीं अरिन

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाकारी का परचम लहराने वाली अभिनेत्री असिन भले ही लंबे समय से बड़े पर्दे और लाइमलाइट से दूर हैं, लेकिन उनके फैंस के बीच उनका क्रेज आज भी बरकरार है। आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म 'गजनी' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली असिन ने साल 2016 में शादी के बाद एक्टिंग करियर को अलविदा कह दिया था। सोशल मीडिया पर बेहद कम सक्रिय रहने वाली असिन ने हाल ही में अपने फैंस को एक खास सरप्राइज दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने परिवार के साथ मनाए गए ओणम उत्सव की कुछ बेहद मनमोहक और अनदेखी झलकियां साझा की हैं। असिन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में उनकी बेटी अरिन ओणम की तैयारियों में जुटी नजर आ रही हैं। नारंगी रंग की पारंपरिक ड्रेस और फूले हुए स्लीव्स वाले एथनिक आउटफिट में अरिन बेहद प्यारी लग रही हैं। तस्वीरों में वह घर के आंगन में ताजे फूलों से खूबसूरती से रंगोली सजाती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री अपनी जिंदगी के बारे में कम ही पोस्ट कर रही है, इसलिए जैसे ही ये तस्वीरें सामने आईं, सोशल मीडिया पर फैंस का उत्साह बढ़ गया और इंटरनेट पर अरिन की ये मासूम तस्वीरें तेजी से वायरल होने लगीं। लोग इन तस्वीरों को देखने के बाद एक ही बात कह रहे हैं कि अरिन आसिन पर गई हैं और बिल्कुल अपनी मां की तरह ही खूबसूरत लगती हैं। असिन ने 19 जनवरी 2016 को बिजनेसमैन और माइक्रोमैक्स के सह-संस्थापक राहुल शर्मा के साथ सात फेरे लिए थे। इस शादी में उद्योग जगत और बॉलीवुड के कई दिग्गज शामिल हुए थे। शादी के बाद अक्टूबर 2017 में असिन और राहुल के घर एक नन्ही परी ने जन्म लिया, जिसका



नाम उन्होंने अरिन रखा। अपनी बेटी के जन्म के समय असिन और राहुल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर प्रशंसकों के साथ अपनी खुशी बांटी थी। उन्होंने कहा था, 'हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारे घर एक नन्ही परी का आगमन हुआ है। बीते नौ महीने हम दोनों के लिए बेहद खास और रोमांचक रहे हैं। हम अपने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हमें हमेशा अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है।'

# सार समाचार

## अस्पताल अग्निकांड में 15 बच्चों की मौत मामले में स्वास्थ्य सचिव निलंबित



इस्लामाबाद। इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) अस्पताल में 15 नवजात शिशुओं की जलकर मौत मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उच्च स्तरीय बैठक की। पीएम ने सख्त कार्रवाई करते हुए संघीय स्वास्थ्य सचिव असलम घौरी को निलंबित कर दिया। पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में यह जानकारी साझा की। पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीआईएमएस अस्पताल में नवजात बच्चों की मौत के मामले को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक शुरू हुई। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए संघीय स्वास्थ्य सचिव असलम घौरी को उनके पद से निलंबित कर दिया। पाकिस्तान पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए एक जांच समिति भी गठित की है। पूर्व गृह सचिव शाहिद खान को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में स्थापना सचिव डॉ. बैरिस्टर नबील अवान शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया संस्थान जियो टीवी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 6:45 बजे हुआ। बचाव कार्य से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कथित तौर पर एयर-कंडीशनर का कंप्रेसर फटने से नर्सरी में आग लगी। पीआईएमएस अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के समय नर्सरी में 16 नवजात शिशु थे। इन 16 शिशुओं में से केवल एक को ही बचाया जा सका। बाकी 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई।

## नेपाल की भोटेकोशी बाढ़ में बैंक की 9 शाखाए बहीं, 26 कर्मचारियों से संपर्क नहीं



काठमांडू। भोटेकोशी बाढ़ की चपेट में कमर्शियल बैंक की नौ शाखाएं भी आई हैं। नेपाल बैंकर्स एसोसिएशन ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने ये भी बताया कि रसुवा में इन शाखाओं में काम करने वाले लगभग 26 कर्मचारियों से भी संपर्क नहीं हो पाया है। एसोसिएशन का कहना है कि टेलीफोन लाइनें खराब होने और बिजली न होने के कारण संपर्क करने में दिक्कतें आ रही हैं। एसोसिएशन के अनुसार, रसुवा में माछापुछ्रे, नबिल, सनिमा, लक्ष्मी सनराइज, हिमालयन, प्रभु, ग्लोबल आईएमई, इन्वेस्टमेंट मेगा और एनएमएबी बैंक की शाखाएं थीं।

कान्तिपुर टाइम्स ने बताया कि बैंकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष कोइराला ने जानकारी दी कि इन शाखाओं में काम करने वाले 26 कर्मचारियों से अभी तक संपर्क नहीं हो सका है।

## तिब्बत-नेपाल में आई बाढ़ के ये 8 VIDEOS अंदर तक हिला डालेंगे, इंसानों के साथ-साथ गांव-पुल और गाडियां सब बह गए



काठमांडू। भारत का पड़ोसी देश नेपाल बुरे दौर से गुजर रहा है। बुधवार (26 अगस्त) को सुबह यहां आई भीषण बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। इस बाढ़ की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 98 लोगों की मौत हो गई है और 133 भारतीयों समेत सैकड़ों लापता हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, नेपाल की ये बाढ़ तिब्बत की ओर से आई है। इस बाढ़ ने सबसे ज्यादा नुकसान नेपाल के रसुवा जिले के टिमुरे बाजार क्षेत्र में हुआ था। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ की वजह से टिमुरे बाजार क्षेत्र के अलावा आस-पास के 2 बाजार भी बाढ़ की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। लेन्दे खोला (भोटेकोशी) में आई बाढ़ से रसुवा सीमा नाके पर हुई इस तबाही की चर्चा दुनियाभर में हो रही है। फिलहाल नेपाल के रसुवा में प्रभावित लोगों तक पहुंचने की कोशिशें जारी हैं और बचाव अभियान चल रहा है। खबर लिखे जाने तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक नेपाल बाढ़ मामले में अब तक 98 लोगों की मौत हो गई है। ये आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बाढ़ में 133 भारतीयों समेत सैकड़ों लापता हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में आई बाढ़ के बाद नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह से बात की है। पीएम मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट करके ये जानकारी दी है। पीएम मोदी ने कहा, "प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल में अपने भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

# नेपाल में आ सकता है दूसरा 'जलप्रलय', वैज्ञानिकों ने जारी की चेतावनी, जानिए क्यों कहा ऐसा



वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि नेपाल-चीन बॉर्डर के पास ऊपरी इलाके में अभी भी रुकावट बनी हुई है, जिससे फिर से जलप्रलय आ सकता है। यह चेतावनी 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (ICI-MOD) ने दी है। काठमांडू में स्थित यह अंतर-सरकारी संस्था हिंदू-कुश हिमालय क्षेत्र के आठ देशों - भारत, नेपाल, भूटान, चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अफ़ग़ानिस्तान - के लिए काम करती है। संस्था ने एक विस्तृत बयान जारी करते हुए बताया कि 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ की वजह तलाशने के लिए अधिकारी और वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश में जुट गए कि इस आपदा का कारण क्या था और क्या आगे और भी खतरा हो सकता है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भोटे कोशी और त्रिशूली नदी प्रणालियों के किनारे रहने वाले समुदायों के लिए खतरा शायद अभी टला नहीं है। ICIMOD की चेतावनी कि दूसरी बाढ़ आ सकती है, ने हिमालय की सबसे संवेदनशील पहाड़ी घाटियों में से एक में लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने और लगातार निगरानी करने की कोशिशों को और ज़रूरी बना दिया है। ICIMOD की सबसे गंभीर चेतावनी संगठन में क्लाइमेट और एनवायरनमेंटल रिस्क के हेड, कियांगगोंग झांग की तरफ से आई है। झांग ने कहा, "जिस जगह पर पिछले साल रासुवा में बाढ़ से तबाही मची थी, वह जगह एक बार फिर खतरे में है। शक है कि लेन्डे खोला में बर्फ़ के हिमस्खलन (ice avalanche) की वजह से ऐसा हुआ है, लेकिन असल वजह अभी पक्की नहीं है। नेपाल-चीन बॉर्डर पर ऊपर की तरफ अभी भी रुकावट बनी हुई है, इसलिए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूसरी बाढ़ आने का खतरा है।" नुआकोट और धाडिंग ज़िलों में नदी के बहाव की दिशा में आगे पड़ने वाले इलाकों पर भी नज़र रखी जा रही है क्योंकि वहां भी असर पड़ने की आशंका है। मलेखु में भी इतने ही समय में नदी का जलस्तर सात मीटर बढ़ गया।

# "दिल से सराहना करते हैं", भीषण बाढ़ संकट के बीच बालेन शाह ने PM मोदी को कहा धन्यवाद



नेपाल में भीषण बाढ़ से मची तबाही के बीच प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने मानवीय मदद की पेशकश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। पीएम मोदी ने बुधवार को बालेन्द्र शाह से फोन पर बात कर बाढ़ में हुई जनहानि पर गहरी संवेदना व्यक्त की और नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने X पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आपके फोन कॉल और गहरी संवेदनाओं के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इस मुश्किल घड़ी में नेपाल के प्रति एकजुटता दिखाने वाले आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और मदद की उदार पेशकश की हम दिल से सराहना करते हैं। एकजुटता का यह भाव हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के मजबूत रिश्तों को दर्शाता है, जिन्हें हम बहुत महत्व देते हैं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के अपने समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की और वहां बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी देश को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोग इस कठिन समय में नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। बुधवार सुबह तिब्बत से आया भीषण फ्लैश फ्लड भोटेकोशी नदी में इतनी तेजी से पहुंचा कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। लोग रोजमर्रा के काम में जुटे थे, लेकिन कुछ ही देर में सैकड़ों फीट ऊंचा पानी का सैलाब उनके सामने था। देखते ही देखते चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पानी का बहाव इतना तेज था कि करीब 30 सेकेंड में 2 बड़े बाजारों का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया।

## नेपाल-चीन बॉर्डर पर फ्लैश फ्लड का कहर, नेपाल पुलिस के चार जवान लापता



काठमांडू। नेपाल-चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार सुबह अचानक आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। भोटेकोशी नदी के किनारे बसे कई इलाके पानी में बह गए। उत्तरी रसुवा में बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के चार जवान अचानक आई बाढ़ के बाद लापता बताए जा रहे हैं। एपीएफ प्रवक्ता डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल नेत्र बहादुर कार्की ने बताया कि नेपाल-चीन सीमा के समीपवर्ती इलाकों में आए फ्लैश फ्लड के बाद से ही इन चार जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। कार्की ने कहा, "बॉर्डर पोस्ट को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है," और साथ ही कहा कि अधिकारियों को अभी यह पता लगाना है कि क्या लापता जवान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं या नहीं।

इसके अलावा, स्थानीय मीडिया की अपुष्ट खबरों के अनुसार, रसुवा कस्टम्स ऑफिस के 14 कर्मचारियों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। तिब्बत क्षेत्र से निकलने वाली भोटेकोशी नदी का जलस्तर अचानक सुबह करीब 9 बजे बढ़ना शुरू हुआ, जिससे रसुवा में बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि सड़कों, पनबिजली केंद्रों, बिजली ट्रांसमिशन लाइनों और सब-स्टेशनों पर इसका असर पड़ा है। नेपाल-चीन सीमा के पास टिमुरे मार्केट एरिया, टिमुरे कस्टम्स ऑफिस और स्याब्रुबेसी के कुछ हिस्सों में भारी नुकसान की खबर है। नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने कहा कि बाढ़ ने बिजली से जुड़े कई बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिनमें रसुवागढ़ी, चिलिमे, त्रिशूली-3ए और त्रिशूली-3बी पावर प्रोजेक्ट, 220 केवी त्रिशूली-3बी हब सब-स्टेशन, साथ ही त्रिशूली और देवीघाट पनबिजली संयंत्र और कई वितरण संरचनाएं शामिल हैं। बिजली के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने के बाद प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। अथॉरिटी ने कहा कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए सभी जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बिजली आपूर्ति बहाल होने तक धैर्य रखने की अपील की है और सभी संबंधित पक्षों से बिजली आपूर्ति से जुड़ी जानकारी फैलाने में मदद करने का अनुरोध किया है। नेपाल के इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अनुसार, शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि बाढ़ से 15 पनबिजली परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनमें से कुछ चालू हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं।

# न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने किया RSS प्रमुख मोहन भागवत की सभा का विरोध



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को अमेरिका पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वॉयर में 29 अगस्त को उनका प्रोग्राम होगा जिसमें 5000 से ज्यादा भारतीय समुदाय के लोग जुटेंगे। हालांकि, मोहन भागवत के पहुंचते ही इस प्रोग्राम को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल समेत कई संगठनों ने इस प्रोग्राम का विरोध शुरू कर दिया है। कार्यक्रम की परमिशन कैंसिल करने की मांग हो रही है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी संघ प्रमुख भागवत के विरोध में उतर आए हैं। जोहरान ममदानी ने प्रोग्राम कैंसिल करने पर तो साफ-साफ कुछ नहीं कहा लेकिन कहा है कि वो बांटने वाली सोच का समर्थन नहीं करते वो इसके विरोध में हैं। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि वो न्यूयॉर्क के पहले भारतीय-अमेरिकी मेयर हैं।

उनकी मां और उनका परिवार अभी भी भारत में ही है।

उनके दिमाग में भारत की इमेज ऐसे देश की है जहां सभी लोग मिल-जुलकर रहते हैं, जहां हर धर्म का व्यक्ति सभी को अपना मानता है। जोहरान ममदानी ने कहा कि ऐसे देश में बांटने वाली विचारधारा का बढ़ना चिंता की बात है। इसलिए वह इस कार्यक्रम का विरोध करते हैं। जब ममदानी से पूछा गया कि क्या ये रैली रद्द की जानी चाहिए तो उन्होंने कहा कि वो इस रैली का सपोर्ट नहीं करते। उन्हें ये भी नहीं पता है कि किसी निजी कार्यक्रम को कैंसिल करने का अधिकार उनके पास है या नहीं।

दूसरी ओर अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने मोहन भागवत के प्रस्तावित कार्यक्रम का विरोध करने पर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी को लताड़ लगाई है। आपको बता दें कि सिंगर मैरी मिलबेन पीएम मोदी की बड़ी समर्थक मानी जाती हैं। मिलबेन ने कई बार पीएम मोदी का समर्थन करते हुए विरोधियों को निशाने पर लिया है। मैडिसन स्क्वायर गार्डन (MSG) समाजवादियों की बकवास का जवाब नहीं देता है।

# इस्लामाबाद के अस्पताल में भीषण आग से 15 नवजात बच्चे जिंदा जले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के इस्लामाबाद से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) के गायनेकोलॉजी वार्ड में भीषण आग लगने से कम से कम 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। पीआईएमएस अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के समय नर्सरी में 16 नवजात शिशु थे। इन 16 शिशुओं में से केवल एक को ही प्रभावित इलाके से समय रहते बचाया जा सका जबकि बाकी बच्चे आग में जिंदा जल गए। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया संस्थान जियो टीवी के अनुसार, बचाव कार्य से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कथित तौर पर एयर-कंडीशनर का कंप्रेसर फटने से सुबह करीब 6:45 बजे नर्सरी में आग लगी। बचाव अधिकारियों ने बताया कि फायर फाइटिंग टीमों के अस्पताल पहुंचने और ऑपरेशन शुरू करने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के बाद भी टीमें घटनास्थल पर कूलिंग ऑपरेशन करती रहीं ताकि आग के दोबारा भड़कने की कोई संभावना न रहे। जिला प्रशासन के अनुसार, मदर एंड चाइल्ड हेल्थ (एमसीएच) वार्ड की तीसरी मंजिल पर लगी आग में 14 बच्चे पूरी तरह जल गए। प्रशासन ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद बचाव कर्मियों ने कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने बताया कि आपातकालीन कार्रवाई के तहत फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां और चार एम्बुलेंस तैनात की गईं। इस घटना ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था, खासकर कमजोर नवजात बच्चों वाले वार्ड में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दक्षिण कोरिया का दावा, 'रूसी सैन्य विमानों ने उसके एयर डिफेंस जोन में की घुसपैठ'

सोल। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने बुधवार को दावा किया कि कई रूसी सैन्य विमान मंगलवार को दक्षिण कोरिया के पूर्वी समुद्री क्षेत्र के ऊपर उसके एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (केएडीआईजेड) में दाखिल हुए। रक्षा विभाग के अनुसार ये थोड़ी देर बाद ही वापस लौट गए। योनहाप न्यूज एजेंसी ने बताया कि जेसीएस ने इसे लेकर एक बयान जारी किया। इसके मुताबिक, रूसी विमान दक्षिण कोरिया के सबसे पूर्वी द्वीप डोकडो और नजदीकी उल्लुंगदो द्वीप के आसपास केएडीआईजेड में दाखिल हुए। दक्षिण कोरियाई सेना ने विमानों की गतिविधि को पहले ही भांप लिया था और किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए वायुसेना के लड़ाकू विमानों को तैनात कर दिया।

हालांकि, दक्षिण कोरियाई सेना ने स्पष्ट किया कि रूसी विमानों ने देश के वास्तविक हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं किया। केएडीआईजेड किसी देश का संप्रभु हवाई क्षेत्र नहीं होता, बल्कि विदेशी विमानों से अपनी पहचान बताने के लिए बनाया गया एक क्षेत्र है, ताकि हवाई टकराव जैसी आकस्मिक घटनाओं को रोका जा सके।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अमेरिका ने हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान के साथ 'फ्रीडम एज' त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास की तैयारी की पुष्टि की है। उस घटना के बाद सोल ने चीन और रूस के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

## तिब्बत-नेपाल में भीषण बाढ़ से तबाही, इमिग्रेशन सेंटर में फंसे कैलाश यात्री; सदगुरु ने बताई पूरी स्थिति



काठमांडू/ग्यिरोंग। तिब्बत के ग्यिरोंग इलाके में आई भीषण और दुखद फ्लैश फ्लड ने बड़ी तबाही मचाई है। इस बाढ़ की चपेट में कैलाश यात्रा पर गया एक समूह भी आया है। सदगुरु जग्गी वासुदेव ने कहा है कि उनका समूह जब वापस लौट रहा था, उस समय लोग ग्यिरोंग के इमिग्रेशन ऑफिस में मौजूद थे और तभी बाढ़ आ गई। इमिग्रेशन ऑफिस की इमारत और आसपास का बड़ा हिस्सा बाढ़ में डूब गया है। सदगुरु ने कहा कि इमिग्रेशन ऑफिस में मौजूद लोगों के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि सभी स्वयंसेवक और सपोर्ट टीमें बचाव के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं।

सद्गुरु ने आगे कहा कि अधिकारियों के साथ मिलकर घटनास्थल तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम कितना भी बड़ा हो, उनकी टीम बचाव अभियान का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। सदगुरु ने प्रभावित लोगों के परिवारों और उनके करीबियों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि इस बेहद मुश्किल समय में वह उनके दर्द को समझते हैं और बचाव के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद इस समय क्षेत्र में मौजूद हैं, ताकि मौजूदा हालात में लोगों की मदद के लिए जो सबसे बेहतर संभव हो, वह किया जा सके। सदगुरु के मुताबिक, उनके प्रवास में कुल 21 समूह शामिल हैं। इनमें से 495 लोग सुरक्षित वापस लौट चुके हैं। वहीं 743 लोग इस समय तिब्बत में हैं, 148 लोग नेपाल में हैं और 77 लोग उस इमिग्रेशन सेंटर में मौजूद थे, जहां बाढ़ आने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा नेपाल के तिमुरे में 3 स्वयंसेवक भी मौजूद हैं।

# खेल समाचार

## खिलाड़ी की चाल और बॉडी लैंग्वेज से टैलेंट की पहचान करती हैं नीतू डेविड, बताया- यह रोल काफी दिलचस्प

नई दिल्ली। यूपी वॉरियर्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 से पहले भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज नीतू डेविड को स्काउटिंग हेड की जिम्मेदारी सौंपी है। नीतू का मानना है कि एक खिलाड़ी के चलने के तरीके से प्लेयर्स कैसे होंगे, इस बात का अंदाजा हो जाता है। पांच साल तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर की भूमिका निभाने वालीं नीतू ने वनडे विश्व कप 2025 के लिए विश्व विजेता टीम का चुनाव किया था। नीतू ने 'आईएएनएस' के साथ खास बातचीत करते हुए कहा, "मैं यह नहीं कह सकती कि दूसरे क्या करते हैं। हालांकि, मेरे प्रोसेस के हिसाब से मुझे जो देखना पसंद है और जो मुझे लगता है, मेरे हिसाब से वह यह है कि खिलाड़ियों के चलने का स्टाइल बताता है कि खिलाड़ी कैसा होगा। मैं किसी खिलाड़ी को उसके चलने के स्टाइल के आधार पर समझती हूं, चाहे वह बहुत फुर्तीला हो या धीमा या मानसिक रूप से बहुत मजबूत। यह देखकर मुझे शुरुआती समझ हासिल करने में मदद मिलती है, और जब मैं कोई मैच देखने जाती हूं, तो मुझे मैच से पहले जाना पसंद है ताकि मैं देख सकूं कि खिलाड़ी आउटफील्ड में अपना-अपना काम कैसे कर रहे हैं, और मैं उस पर बहुत ध्यान देती हूं।" "यह आपको बहुत कुछ दिखाता है, और यह मेरा पर्सनल नजरिया है।"

## दिलीप ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन से भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाना चाहते हैं अर्शदीप



नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दिलीप ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे हैं। नॉर्थ जोन की टीम को वेस्ट जोन के खिलाफ जीत दिलाने में अर्शदीप ने गेंद से अहम भूमिका निभाई और 4 विकेट चटकाए। अर्शदीप का कहना है कि वह इस तरह के टूर्नामेंट में शामिल होकर यह साबित करना चाहते हैं कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए जरूरी हुनर और स्टैमिना मौजूद है।

भारत के लिए 18 वनडे और 91 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके अर्शदीप अभी भी अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं।

व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देने की वजह से लाल-गेंद के मैचों में उन्हें कम मौके मिले हैं, जिसके कारण उन्हें अपने 22वें और 23वें फर्स्ट-क्लास मैच के बीच लगभग एक साल का इंतजार करना पड़ा। बेंगलुरु में वेस्ट जोन के खिलाफ दिलीप ट्रॉफी का क्वार्टर-फाइनल अर्शदीप के लिए एक अहम परीक्षा साबित हुआ।

उन्होंने दोनों पारियों में लगातार अच्छी गेंदबाजी की और 3/53 व 1/40 के आंकड़े हासिल किए, जिससे नॉर्थ जोन को 52 रनों से जीत मिली। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी बताया कि टूर्नामेंट से पहले उन्होंने अपने ट्रेनिंग के तरीके में बदलाव किया था और हाल ही में ज्यादातर व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलने के बाद रेड-बॉल बॉलिंग पर ध्यान देना शुरू किया था।

## बाबर आजम की क्या हो पाएगी इंग्लैंड के लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी, खुद बताया कितने हैं फिट



बाबर आजम क्या पूरी तरह से फिट हो गए हैं। क्या वे इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में बतौर कप्तान खेलते हुए नजर आएंगे। इसका जवाब खुद बाबर ने ही दिया है। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इस मैच से एक दिन पहले बाबर ने अपने आपको लेकर अपडेट दिया है। पाकिस्तानी टीम पिछला मैच पारी से हारकर यहां पहुंची है। अब उस पर सीरीज हार का खतरा मंडरा रहा है। पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान बाबर आजम फिर से मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। लॉर्ड्स टेस्ट से पहले बाबर ने कहा कि उन्होंने फिर से कुछ प्रैक्टिस सेशन किए हैं और मैच के लिए 90 परसेंट फिट हैं। यानी मैच के एक दिन पहले तक वे पूरी तरह से फिट नहीं हैं, जोकि वे खुद ही मान रहे हैं। बाबर आजम सीरीज से पहले हाथ की चोट से जूझ रहे थे, जो कि उन्हें प्रैक्टिस सेशन के दौरान लगी थी। बाबर ने कहा कि जब भी वे पाकिस्तान के लिए कप्तानी करते हैं तो उनके लिए गौरव की बात होती है। वे अगला मैच हार हाल में खेलना चाहते हैं। अब सवाल ये है कि बाबर आजम किस नंबर पर बैटिंग के लिए आते हैं। वैसे तो वे नंबर चार पर आते हैं, जहां पिछले मैच में अब्दुल्ला शफीक आए थे, जिन्होंने पहली पारी में अर्धशतक भी लगाया था, हालांकि दूसरी पारी में वे सस्ते में आउट हो गए थे। बाबर चाहते हैं कि अब्दुल्ला नंबर चार पर ही बैटिंग करें। यानी बाबर तीसरे नंबर पर आने का प्लान बना रहे हैं। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी पाकिस्तानी टीम 0.1 से पीछे चल रही है। अगर ये मैच भी पाकिस्तानी टीम हारी तो सीरीज हाथ से निकल जाएगी। पाकिस्तानी टीम पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में काफी नीचे चल रही है और हो सकता है कि अब टीम इसके फाइनल की रेस से भी बाहर हो जाए। सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम पहले बैटिंग करते हुए केवल 171 रन ही बना पाई थी। इसके बाद इंग्लैंड ने 409 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में भी महज 135 रन पर ही आउट हो गई थी। इस तरह से टीम को पारी और 103 रनों की करारी हार मिली थी। बाबर आजम को हाल में फिर से टेस्ट की कप्तानी मिली है।

इसके बाद वे वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज बराबर करके आ रहे हैं। पिछले मैच में टीम की कमान सलमान अली आगा के पास थी। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सीरीज के पहले मैच में पारी और 103 रन से हारने वाली पाकिस्तानी टीम के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है।

मैच से पहले कप्तान बाबर आजम ने अपनी फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। बाबर आजम ने बताया कि उन्होंने हाल में कुछ प्रैक्टिस सेशन किए हैं और वह मुकाबले के लिए करीब 90 फीसदी फिट हैं। यानी मैच से एक दिन पहले तक बाबर पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं, लेकिन मैदान पर उतरने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। उनकी वापसी पाकिस्तान के लिए काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि टीम पहले ही सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। बाबर ने कहा कि जब भी उन्हें पाकिस्तान की कप्तानी करने का मौका मिलता है, यह उनके लिए गर्व की बात होती है।

## श्रीलंका ने बनाई टीम इंडिया पर बढ़त, अब क्या होगी आखिरी दिन शुभमन गिल की रणनीति



भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला अब अपने अंतिम चरण में है। दूसरे मैच में भले ही पहली पारी के आधार पर श्रीलंका को फॉलोऑन का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उसने अपनी कम से कम पारी की हार को टाल दिया है। इतना नहीं, टीम ने भारत के स्कोर पर लीड भी बना ली है। अब आखिरी दिन का रोमांच बचा है। इस दिन कप्तान शुभमन गिल किस रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगे, इसे भी समझा जाना चाहिए। टीम इंडिया का श्रीलंका दौरा अब खत्म होने को है। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम जीतकर 1-0 की लीड बना चुकी है। अब उसकी कोशिश होगी कि श्रीलंका का सूपड़ा साफ किया जाए। हालांकि ये काम आसान भी नहीं है। भारतीय टीम की सबसे बड़ी टेंशन मौसम होगा। कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में श्रीलंका से ज्यादा टीम इंडिया की दुश्मन बारिश बनकर आई है, जो करीब करीब हर रोज मैच में बाधा डाल रही है। मैच के आखिरी दिन गुरुवार को भी बारिश की आशंका जताई जा रही है। अगर बारिश आई और देर तक नहीं रुकी तो फिर मैच ड्रॉ की ओर चला जाएगा, जो कि टीम इंडिया के लिए कतई अच्छा नहीं होगा। उसे हर हाल में सीरीज 2-0 से जीतनी होगी। इस में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 503 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद श्रीलंका की टीम अपनी पहली पारी में केवल 290 रन बनाकर आउट हो गई और उसे फॉलोऑन का सामना करना पड़ा। हालांकि दूसरी पारी में श्रीलंका ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 229 रन बना लिए हैं। अभी उसके चार और विकेट शेष हैं। इतना नहीं, श्रीलंका ने अब 16 रन की बढ़त भी बना ली है। यानी उसे यहां से पारी की हार नहीं मिलेगी। अब आखिरी पारी में भारत को बल्लेबाजी के लिए उतरना ही होगा। श्रीलंका के पुछल्ले बल्लेबाजों ने इसी मैच की पहली पारी में भी भारतीय टीम को खूब परेशान किया था, कहीं इस बार भी ऐसा ही हुआ तो मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ सकती हैं। भारत की कोशिश होगी कि श्रीलंका को किसी भी हालत में 100 से ज्यादा रनों की लीड ना लेनी दी जाए।

## मैं मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट में वापसी की तैयारी कर रही हूं : अनाया बांगर



मुंबई। अनाया बांगर को ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेलने की अनुमति मिल गई है। अनाया ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से महिला कम्युनिटी और एलीट मुकाबलों में खेलने की आधिकारिक मंजूरी मिलने के बाद बुधवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की घोषणा की। इसके साथ ही ट्रांसजेंडर क्रिकेटर ने भविष्य में विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खेलने की संभावना पर भी बात की है। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाया ने कहा, "ये मेरे लिए एक खास दिन है, क्योंकि कई वर्षों तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बाद, मैं आखिरकार उस खेल में वापसी के रास्ते के बारे में बात कर सकती हूं जो मेरी जिंदगी का एक बहुत अहम हिस्सा रहा है। मैं मार्च 2027 से एलीट क्रिकेट खेलने के मकसद से ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट में वापसी की तैयारी कर रही हूं। यह कोई अपने-आप होने वाली या अनौपचारिक प्रक्रिया नहीं थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिला खेलों में निष्पक्षता, ईमानदारी और सभी को शामिल करने के बीच संतुलन बनाने के लिए एक पॉलिसी बनाई है, और मेरे मामले पर उसी फ्रेमवर्क के तहत विचार किया गया है।" उन्होंने कहा, "क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मेरी परिस्थितियों से जुड़ी कई तरह की जानकारियों पर विचार किया, जिसमें मेरी मेडिकल और सर्जिकल हिस्ट्री, हार्मोन और टेस्टोस्टेरोन का स्तर, मेरी क्रिकेटिंग बैकग्राउंड और खेलने के फुटेज, और मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ की गई साइंटिफिक और एथलेटिक परफॉर्मेंस टेस्टिंग शामिल हैं। मैं उस प्रक्रिया की बारीकी की तारीफ करती हूं क्योंकि यह जरूरी था कि इसका आकलन किसी स्थापित स्पोर्टिंग फ्रेमवर्क के जरिए किया जाए, न कि यह सिर्फ लोगों की राय का मामला बनकर रह जाए।" टेस्टोस्टेरोन का मेरा पिछला मुख्य स्रोत अब मौजूद नहीं है। अनाया बांगर मानती हैं कि भविष्य में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले पर सवाल खड़े होंगे।

## चेल्सी ने फुलहम को 3-2 से हराया, मैनेजर जाबी अलोंसो की शानदार शुरुआत

चेल्सी ने सोमवार को हुए एक रोमांचक मुकाबले में फुलहम पर 3-2 की जीत दर्ज की। चेल्सी की जीत में कोल पामर की भूमिका अहम रही। वहीं, चेल्सी के साथ जाबी अलोंसो के करियर की शुरुआत भी धमाकेदार अंदाज में हुई। चेल्सी के लिए जोआओ पेड्रो ने मैच के पहले मिनट में गोल किया। फुलहम की तरफ से जोश किंग ने 23वें मिनट में गोल किया और टीम को बराबरी पर ले आए। इसके बाद चेल्सी के लिए लगातार 2 गोल हुए।

मॉर्गन रोजर्स ने 41वें और कोले पामर ने 49वें वें मिनट में गोल किया। पामर के गोल के बाद चेल्सी की बढ़त 3-1 की हो गई थी। लेकिन, फुलहम की तरफ से गोंजालिजो ग्रेसिया ने 54वें मिनट में गोल कर फुलहम की वापसी की उम्मीदों को जिंदा किया। हालांकि, इसके बाद टीम की तरफ से और कोई गोल नहीं हो सका और फुलहम को चेल्सी ने 3-2 से हरा दिया। चेल्सी के मैनेजर जाबी अलोंसो के बतौर कोच सफर की शुरुआत शानदार रही। उन्होंने चेल्सी के अटैक की क्वालिटी का इस्तेमाल किया और उन्होंने सेटअप को अपनी तेजी दिखाने का मौका दिया। हालांकि, कुछ खिलाड़ियों को अभी भी सिस्टम के हिसाब से ढलने की जरूरत है, लेकिन कुल मिलाकर यह अच्छे संकेत हैं।

## एशियन जूनियर क्लासिकल चेस - मयंक और प्रतीति ने भारत के लिए शानदार 'डबल' जीत हासिल की




मुंबई। मयंक चक्रवर्ती ने बुधवार को मुंबई के आईटीसी मराठा शेराटन में 'ओपन', जबकि प्रतीति बोरदोलोई ने 'गर्ल्स कैटेगरी' के खिताब जीतकर 'एशियन जूनियर क्लासिकल चेस चैंपियनशिप 2026' में भारत के लिए एक यादगार 'डबल' जीत हासिल की। टॉप सीड मयंक ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नौ राउंड की ओपन चैंपियनशिप में 7.5 प्वाइंट्स के साथ प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल हासिल किया। रूस के आर्टेम पिंगिन ने सात प्वाइंट के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि भारत के दक्ष गोयल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.5 प्वाइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। प्रतीति ने नौ राउंड में 7.5 प्वाइंट के साथ गर्ल्स चैंपियनशिप जीतकर भारत के लिए 'गोल्डन डबल' हासिल किया। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको सात प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और सिल्वर मेडल जीता; वह चैंपियन से सिर्फ आधा प्वाइंट पीछे रहीं। भारत की निवेदिता वीसी ने 6.5 प्वाइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। ओपन चैंपियन मयंक चक्रवर्ती ने खिताब जिताऊ प्रदर्शन के साथ एक और ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया।

## शेर-ए-पंजाब टी 20 लीग: ओपनिंग मैच में अमृतसर सूरमा का मोहाली किंग्स से सामना

शेर-ए-पंजाब टी20 लीग 2026 की शुरुआत रविवार से होगी, जिसका पहला मैच अमृतसर सूरमा और मोहाली किंग्स के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में आयोजित होगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) की तरफ से आयोजित यह लीग 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगी, जिसमें पंजाब के क्रिकेट स्टार्स जबरदस्त मुकाबलों और इस क्षेत्र के जाने-माने और नए टैलेंट के प्रदर्शन से धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस लीग में 6 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। 'ग्रुप-ए' में



मोहाली किंग्स, फाजिल्का फाल्कंस और जालंधर वॉरियर्स शामिल हैं, जबकि 'ग्रुप-बी' में बठिंडा रॉयल्स, अमृतसर सूरमा और लुधियाना लायंस हैं। नर्मिंट में कुल 27 मैच खेले जाएंगे।

यह लीग राउंड रॉबिन आधार पर खेली जाएगी, जिसमें हर टीम आठ लीग मैच खेलेगी। पहले दिन अमृतसर सूरमा और मोहाली किंग्स आमने-सामने होंगी, जिसके बाद 31 अगस्त को जालंधर वॉरियर्स दोपहर के मैच में फाजिल्का फाल्कंस के खिलाफ उतरेगी। इसके बाद शाम को मोहाली किंग्स का मुकाबला बठिंडा रॉयल्स से होगा।

## साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी ने कर दिया क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान, 21 साल का करियर का होगा अंत



साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ियों में शुमार डीन एल्गर ने आखिरकार क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। हालांकि वे टेस्ट क्रिकेट को पहले ही अलविदा कह चुके हैं। अब डीन करीब 39 साल के हो गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के लिए कप्तानी की और कई ऐतिहासिक जीतों के भी गवाह रहे। एल्गर ने खुद ही अपने रिटायरमेंट की बात कही है। भारत के खिलाफ उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट खेला था। डीन एल्गर ने साल 2012 में अपने इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का आगाज किया था। हालांकि वे इससे पहले से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे थे। पहला मैच साल 2006 में खेला था। पहले उन्हें एबी डिविलियर्स की कप्तानी में वनडे टीम में मौका मिला और इसके बाद उसी साल के आखिर में उन्होंने ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में अपना टेस्ट डेब्यू भी किया। साल 2024 में ही इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले डीन एल्गर इसके बाद एसेक्स के लिए खेल रहे थे। इस साल का सीजन समाप्त होते ही वे अपना बल्ला टांग देंगे। एल्गर ने साउथ अफ्रीका के लिए 86 टेस्ट मैच खेलकर 5347 रन बनाने का काम किया। इसमें 14 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। वे एक बार 199 के स्कोर तक पहुंच गए थे, लेकिन अपना दोहरा शतक पूरा नहीं कर पाए। डीन ने आठ वनडे मैच खेलकर उसमें 104 रन बनाए। हालांकि वे टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेल पाए। डीन एल्गर के प्रथम श्रेणी में आंकड़े और भी बेहतर हैं। जहां उन्होंने 279 मैच खेलकर करीब 19 हजार रन बनाए हैं। इसमें 55 शतक और 77 अर्धशतक शमिल हैं। अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए डीन एल्गर ने कहा कि वे अब 39 साल के हो गए हैं। अब वे और जवान नहीं हो रहे हैं। उनके बच्चे अब बड़े हो रहे हैं और वे उनके साथ वक्त बिताना चाहते हैं। साथ ही बताया कि ये सीजन खत्म होते ही वे फिर वापस मैदान पर नहीं आएंगे। न्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका की क्रिकेट टीम के लिए खेलना और कप्तानी करना गौरव की बात है।

# सिर्फ पतला होना हेल्दी होने की निशानी नहीं! जांघों की मांसपेशियां क्यों हैं इतनी जरूरी, डॉक्टर से जानें



स्वस्थ होने की निशानी सिर्फ पतला होना या मोटा होना नहीं है। इसमें आपके शरीर की मांसपेशियों की भी अहम भूमिका होती है। फिजिकल एक्टिविटी के साथ शारीरिक ताकत, खान-पान, उम्र और दूसरी कई चीजें स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। आसान भाषा में समझें तो जांघों का आकार और खासकर उनमें मौजूद मांसपेशियों की ताकत आपकी सेहत से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, केवल जांघ का साइज या मोटा और पतला होने से किसी व्यक्ति की उम्र या उसके जीने का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। डॉक्टर सौरभ सेठी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, पेट और लीवर रोग विशेषज्ञ, कैलिफोर्निया) ने बताया पैरों की मांसपेशियों का शरीर को स्वस्थ रखने में कितना अहम योगदान है और जांघों की मांसपेशियों को कैसे मजबूत बनाएं। कई रिसर्च में पाया गया है कि जिन लोगों की जांघों का घेरा यानि जांघों को मोटापा कम होता है उनमें हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है और समय से पहले मृत्यु का खतरा भी ऐसे लोगों में ज्यादा देखा गया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पतली जांघ आपके स्वस्थ होने की निशानी है या मोटापा आपकी हेल्थ के लिए अच्छा है। असली चीज है कि आपकी जांघों की मांसपेशियां कैसी हैं। अगर आपकी मांसपेशियां मजबूत हैं तो ये शरीर को कई बीमारियों से दूर रखने में मदद कर सकती हैं।

मजबूत मांसपेशियां- जांघों में शरीर की बड़ी और बहुत महत्वपूर्ण मांसपेशियां होती हैं। अच्छी मजबूत मांसपेशी शरीर को ग्लूकोज और ऊर्जा का सही इस्तेमाल करने में मदद करती हैं। इसलिए मांसपेशियों की मात्रा और ताकत सिर्फ शरीर की चर्बी से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो हैं।

मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन सेंसिटिविटी- मजबूत मांसपेशियां शरीर में ब्लड शुगर को इस्तेमाल करने में मदद करती हैं। इससे इंसुलिन संवेदनशीलता बेहतर रखने में मदद मिल सकती है और मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को भी सपोर्ट मिलता है।

दिल की सेहत के लिए जरूरी- नियमित रूप से पैरों और जांघों की मांसपेशियों का इस्तेमाल करने से शारीरिक एक्टिवनेस बढ़ती है। रोजाना की जाने वाली फिजिकल एक्टिविटी वजन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होती है। इसके लिए बहुत हार्ड एक्सरसाइज जरूरी नहीं है।

# क्या चाय में चीनी की जगह शहद और गुड़ डालकर पीना फायदेमंद है

शरीर के लिए चीनी को मीठा जहर माना जाता है। चीनी खाने से एक भी फायदा नहीं बल्कि दसों नुकसान जरूर हैं। चीनी सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाती बल्कि शरीर में कैलोरी, मोटापा और कई बीमारियों का कारण बनती है। हालांकि, मीठा खाने के शौकीन लोग अक्सर चाय में चीनी की जगह गुड़ या शहद मिलाकर इसका समाधान निकालने की कोशिश करते हैं। लेकिन क्या इससे शरीर को कम कैलोरी और शुगर मिलती है। क्या वाकई चीनी से ज्यादा बेहतर विकल्प शहद और गुड़ या उससे बनी शक्कर है। आइये जाने माने कैंसर सर्जन डॉक्टर जयेश शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर जयेश शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके बताया कि अगर आप चीनी का बेहतर और कम नुकसान वाला विकल्प सोचकर गुड़, शहद या जैगरी पाउडर का इस्तेमाल कर रहे हैं और जानना चाहते हैं कि क्या ये विकल्प चीनी से बेहतर हैं तो इसका जवाब स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। हालांकि कई लोग अपनी चाय में चीनी की जगह गुड़ या शहद का इस्तेमाल करके खुद को अच्छा महसूस करते हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाला फायदा न के बराबर है। डॉक्टर ने बताया कि गुड़ चीनी का गांव का रिश्तेदार है, और शहद अमेरिका से आया हुआ उसका विदेशी रिश्तेदार है। उनके जीन बिल्कुल एक जैसे हैं। ये सभी एक्स्ट्रा शुगर की लिस्ट में शामिल हैं। सभी में लगभग बराबर कैलोरी होती हैं, सभी से शुगर लेवल बढ़ता है और इनमें से किसी का भी ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर के अनुसार, सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि चीनी का सेवन कम है या ज्यादा। आपके दिनभर की कैलोरी का 10% से कम हिस्सा चीनी से आना चाहिए।

# असरदार घरेलू उपाय है कलौंजी, डॉक्टर ने बताया किन समस्याओं में करती है बेहतरीन काम




कलौंजी भले ही एक छोटा सा मसाला हो, लेकिन सेहत पर इसका असर जबरदस्त होता है। मेटाबॉलिज़्म को बेहतर बनाने और शरीर में सूजन को कम करने से लेकर पेट, स्किन और हार्मोनल हेल्थ को सुधारने में भी कलौंजी मदद करती हैं। ये बहुत पुराना नुस्खा है जो आज भी मॉडर्न वेलनेस में अपनी अहम भूमिका निभाता है। जाने माने डॉक्टर आलोक चोपड़ा ने कलौंजी के फायदों के बारे में बताते हुए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है। खाने के बाद- शरीर को अंदर से फायदा पहुंचाने के लिए रोजाना खाने के बाद करीब आधा से 1 चम्मच कलौंजी लिया जा सकता है। इसे मेटाबॉलिज्म तेज और शरीर में होने वाली सूजन को कम किया जा सकता है।

शहद के साथ- सुबह थोड़ी मात्रा में कलौंजी को रॉ हनी के साथ मिलाकर लिया जा सकता है। यह पाचन को बेहतर रखने और इम्यूनिटी को सपोर्ट करने में मदद कर सकता है।

गुनगुने पानी में- आप कलौंजी को गुनगुने पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इस तरह से कलौंजी का सेवन करना आसान होता है और खाने के बाद इसे लेने से पाचन में सुधार लाने में मदद मिल सकती है।

त्वचा पर लगाएं - मुंहासे या सूजन वाली जगह पर कलौंजी लगाने से पहले इसे नारियल या बादाम जैसे किसी कैरियर ऑयल में मिलाकर पतला करें। सीधे त्वचा पर लगाने से जलन हो सकती है, इसलिए पहले पैच टेस्ट करना बेहतर है।

स्कैल्प और बालों के लिए- स्कैल्प की देखभाल के लिए कलौंजी को किसी तेल के साथ मिलाकर हल्के हाथों से मसाज की जा सकती है। इससे स्कैल्प को पोषण देने और सूजन या रूखेपन को कम करने में मदद मिल सकती है।

मेटाबॉलिक हेल्थ- माना जाता है कि कलौंजी में मौजूद कुछ एक्टिव तत्व शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी और ब्लड शुगर मैनेजमेंट को सपोर्ट कर सकते हैं। हालांकि, इसे डायबिटीज की दवा का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस- इसमें थाइमोक्विनोन नाम का एक प्रमुख कंपाउंड पाया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए गए हैं, जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

इम्यून सिस्टम को सपोर्ट- कलौंजी का इस्तेमाल पारंपरिक चिकित्सा में इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए किया जाता रहा है।

# 30 की उम्र के बाद महिलाओं के लिए क्यों जरूरी है हाई प्रोटीन? एक्सपर्ट ने बताए डाइट में शामिल करने वाले फूड्स



30 की उम्र के बाद महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आने लगते हैं। इस दौरान खासतौर पर मसल्स मास कम होना, हड्डियों का कमजोर होना, हार्मोनल बदलाव और ब्लड शुगर बढ़ने जैसी चार समस्याओं का जोखिम तेजी से बढ़ता है। फिटनेस एक्सपर्ट श्वेतांबरी शेट्टी कहती हैं कि इसके पीछे हमारा खानपान ज़िम्मेदार है क्योंकि भारतीय थाली में कार्ब्स ज़्यादा और प्रोटीन कम मिलता है, जिस वजह से इन गंभीर समस्याओं की शुरुआत होती है। ऐसे में शरीर को न्यूट्रिएंट्स देने के लिए डाइट में हाई-प्रोटीन फूड्स को शामिल करना चाहिए। प्रोटीन मसल्स की मजबूती और शरीर की ओवरऑल फिटनेस को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। श्वेतांबरी शेट्टी के मुताबिक़, 30 वर्ष की आयु के बाद, हर दशक में महिलाओं में 3 से 8 प्रतिशत तक मसल्स मॉस लॉस होने लगता है। मेनोपोज़ के बाद यह प्रकिया और भी तेजी होने लगती है। दरअसल, एस्ट्रोजन हार्मोन मसल्स को प्रोटेक्ट करता है लेकिन मेनोपोज़ के बाद एस्ट्रोजन का स्तर बहुत कम हो जाता है। इसलिए मसल्स लॉस बहुत तेजी से होने लगता है। ऐसे में महिलाएं अगर अपनी डाइट में हाई प्रोटीन को शामिल करेंगी तो मांसपेशियों को मजबूत रख सकती हैं, हड्डियों के घनत्व को बचा सकती हैं, और वजन व मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित कर सकती हैं।

पनीरः आप मांशाहारी हों चाहें शाकाहारी, अपनी डाइट में पनीर को ज़रूर शामिल करें। यह प्रोटीन और कैल्शियम का एक बेहतरीन सोर्स है जो मसल्स और हड्डियों की सेहत के लिए जरूरी है। 100 ग्राम पनीर में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन मिलता है। खासतौर पर शाकाहारियों के लिए पनीर रोजाना की डाइट में प्रोटीन बढ़ाने का आसान विकल्प हो सकता है।

टोफूः अगर, आपको डेरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी है या आप वीगन हैं तो प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए अपनी डाइट में टोफू को शामिल करें। टोफू सोयाबीन के दूध से बनने वाला एक प्लांट बेस्ड फूड है।

अंडाः अंडा भी हाई प्रोटीन से भरपूर एक सुपरफूड है। एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अंडे के पीले भाग का सेवन करने से विटामिन डी भी मिलता है।

# स्पाइन को रखना है सीधा तो करें ताड़ासन, पोस्चर सुधारने के साथ बढ़ता है आत्मविश्वास

भारतीय योग संस्कृति में ताड़ासन को सभी आसनों का आधार माना जाता है। इस आसन में शरीर को ताड़ के वृक्ष की तरह सीधा और संतुलित रखा जाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में स्फूर्ति आती है और सही ढंग से खड़े होने की आदत विकसित होती है। ताड़ासन का अर्थ पेड़ से है और आसन का अर्थ योग से होता है। यानी कि शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह लम्बा बनाने में मदद करता है। वैसे संस्कृत में ताड़ को पर्वत का पर्यायवाची भी कहा जाता है,जो लम्बाई का प्रतिक होता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने इस आसन को लेकर अपनी राय दी है। उनका कहना है कि ताड़ासन को नियमित रूप से अपने जीवनशैली में अपनाना चाहिए। उनके अनुसार, ताड़ासन एक आसान योगासन है जिसे खड़े होकर किया जाता है। इसे करने से शरीर में स्थिरता आती है और बैलेंस बेहतर होता है। योग एक्सपर्ट का मानना है कि ताड़ासन के नियमित अभ्यास से शरीर के पोस्चर में सुधार, स्थिरता बनाना और स्पाइनल अलाइनमेंट को सपोर्ट करना एक आसान स्टैंडिंग पोज से शुरू किया जा सकता है। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत और सीधा रखता है, कंधों और गर्दन की जकड़न कम करता है, शरीर के संतुलन और स्थिरता को बढ़ाता है। आत्मविश्वास बढ़ाता है और मन को एकाग्र करता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। ताड़ासन को रोजाना आसानी से किया जा सकता है, जिसके लिए साधक सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को जोड़कर रखें और वजन समान रूप से दोनों पैरों पर बांटें।

# छोटा फल, बड़े फायदे: औषधीय गुणों का खजाना है करौंदा

खट्टा-मीठा स्वाद और औषधीय गुणों से भरपूर करौंदा (कैरिसा कैरेंडस) भले ही एक छोटा सा जंगली फल हो, लेकिन सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

गुच्छों में लगने वाला यह फल आमतौर पर अचार, चटनी और मुरब्बे में इस्तेमाल होता है, लेकिन आयुर्वेद में इसे कई बीमारियों का प्राकृतिक इलाज माना गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने एक्स पोस्ट में कहा, "करौंदा छोटे, सुगंधित फूलों और रंग-बिरंगे फलों वाला एक उपयोगी और कम देखभाल में पनपने वाला पौधा है। इसके फलों का उपयोग अचार, जैम और जेली बनाने में किया जाता है। वहीं, यह आयरन और विटामिन-सी का भी अच्छा स्रोत माना जाता है।" पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने बताया कि करौंदे के पौधे की ऊंचाई 8-12 फीट तक होती है। पौधे पर छोटी, मोटी और विपरीत क्रम में लगी पत्तियां, तने और शाखाओं पर मजबूत कांटे, छोटे, सुगंधित सफेद फूल, फल, कच्चे हरे, पकने पर लाल से बैंगनी-काले होते हैं। विभाग ने आगे बताया कि करौंदे ताजे फल खाने के साथ अचार, जैम और जेली में उपयोग किए जाते हैं।

# स्वाद ही नहीं, सेहत का खजाना भी है इमली, पाचन से लेकर इम्यूनिटी तक के लिए फायदेमंद

रसोई में खट्टापन घोलने वाली इमली सिर्फ स्वाद नहीं बढ़ाती, बल्कि सेहत का खजाना भी है। टैमारिंडस इंडिका वैज्ञानिक नाम वाली इमली में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और आयरन भरपूर मात्रा में होते हैं। आयुर्वेद में इसे पाचन, कब्ज और पित्त दोष के लिए रामबाण माना गया है। नमामि गंगे ने एक्स पोस्ट माध्यम से बताया कि इमली की उत्पत्ति उष्णकटिबंधीय अफ्रीका मानी जाती है, लेकिन यह भारत में बड़े पैमाने पर उगाई जाती है। यह दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका तथा अन्य उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से वितरित है। भारत में यह मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों में विशेष रूप से सामान्य है। इमली का जैव-भौगोलिक क्षेत्र दक्कन प्रायद्वीप, मध्य उच्चभूमि, गंगा का मैदानी क्षेत्र, पूर्वी एवं पश्चिमी घाट, अर्ध-शुष्क एवं शुष्क है। इसका वृक्ष बड़ा, दीर्घायु एवं सदाबहार से अर्ध-सदाबहार होता है। इमली उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में शुष्क से लेकर आर्द्र जलवायु तक अच्छी तरह विकसित होती है। यह विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उग सकती है, किंतु अच्छी जल निकासी वाली दोमट एवं बलुई-दोमट मिट्टी में सर्वोत्तम वृद्धि करती है। यह सूखा एवं उच्च तापमान सहन करने की क्षमता रखती है। इमली भारत में प्राचीन काल से प्राकृतिक रूप से है। इमली का फूल अप्रैल – जून के बीच आता है, जबकि फल दिसंबर–अप्रैल के बीच में आता है। इमली के घने वृक्ष पक्षियों, गिलहरियों एवं अन्य छोटे वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करते हैं, जबकि इसके फल अनेक जीवों के भोजन का स्रोत होते हैं।

# इस बीमारी के मरीजों के लिए फायदेमंद है काजू, जानें कब और कैसे करें सेवन

ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसी बीमारी है जिसमें हड्डियां अंदर से कमजोर हो जाती हैं और अपने आप टूटने लगती है। इस बीमारी की शुरुआत असल में तब होती है जब हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है। ऐसी स्थिति में काजू खाना फायदेमंद हो सकता है और इसमें पाए जाने वाली कई चीजें हड्डियों को अंदर से सेहतमंद रखने में मदद कर सकती हैं। ये न सिर्फ हड्डियों का घनत्व बढ़ाते हैं बल्कि, ये कई चीजों को और बढ़ावा देते हैं जो कि हड्डियों के कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी है। तो, आइए जानते हैं ऑस्टियोपोरोसिस में काजू खाने के फायदे। ऑस्टियोपोरोसिस में काजू खाने के फायदे कई हैं। सबसे पहले तो ये कॉपर से भरपूर है जो कि बोन मिनरल डेंसिटी बढ़ाने के लिए जरूरी है। इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और इस बीमारी से बचाव होता है। कैल्शियम और मैंगनीज से भरपूर काजू हड्डियों के लिए फायदेमंद है। काजू में मौजूद मैग्नीशियम हड्डियों के निर्माण के लिए जरूरी है क्योंकि यह हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है। दरअसल,जब शरीर में कॉपर की कमी होती है हड्डियों के टिशूज बहुत जल्दी खराब होते हैं।

## योग साधना में उपयोगी मुद्राएं और बंध: मन की शांति से एकाग्रता तक



योग सिर्फ शरीर को लचीला बनाने का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह शरीर, सांस और मन के बीच संतुलन बनाने का भी एक तरीका है। योग में कई ऐसी मुद्राएं और बंध बताए गए हैं, जिन्हें मन को स्थिर करने और एकाग्रता बढ़ना में मददगार माना जाता है।

ज्ञान मुद्रा सबसे आसान और लोकप्रिय हस्त मुद्राओं में से एक है। इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या किसी आरामदायक मुद्रा में रीढ़ सीधी करके बैठें। दोनों हाथ घुटनों पर रखें और तर्जनी उंगली के सिरे को अंगूठे के सिरे से हल्के से मिलाएं। बाकी उंगलियों को सीधा और तनावमुक्त रखें। इस मुद्रा का अभ्यास ध्यान के दौरान किया जाता है और यह मन को शांत रखने तथा एकाग्रता बढ़ाने में सहायक मानी जाती है। चिन मुद्रा में भी अंगूठे और तर्जनी के सिरों को हल्के से स्पर्श कराया जाता है, लेकिन हथेलियां ऊपर की ओर रहती हैं। आंखें बंद करके सांसों पर ध्यान केंद्रित करें। इसे प्राणायाम और ध्यान के दौरान किया जा सकता है। नियमित अभ्यास से मानसिक स्थिरता और ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सकती है। महाबंध को योग में तीन प्रमुख बंधों—मूलबंध, उड्डियान बंध और जालंधर बंध—के संयुक्त अभ्यास के रूप में बताया जाता है।

# बदलते मौसम में इम्यूनिटी हो सकती है कमजोर, मौसमी इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसे रखें खुद का ख्याल

इन दिनों मौसम का मिज़ाज़ बिगड़ा हुआ है। ठंड अभी पूरी तरह से गई नहीं है लेकिन कभी गर्मी अपना तेवर दिखा रही है तो कभी बारिश और हवाएं मौसम को ठंडा कर दे रही हैं। इस बदलते मौसम का असर हम सबकी सेहत पर पड़ रहा है। जिस वजह से लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बदलते मौसम के कारण लोगों को अस्पताल भी जाना पड़ सकता है। इस मौसम में आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसमी बीमारियों को देखते हुए आपको कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। आइए जानते हैं कैसे रखें बदलते मौसम में खुद का ख्याल।

बाहर निकलने से पहले करें खुद को कवरः मौसम की मार से बचने के लिए बाहर निकलते समय अपने आप को पूरी तरह से कवर कर के निकले। हो सके तो मास्क लगाएं और सर को भी ढक कर रखें। बहुत ज़्यादा गर्म कपड़े नहीं पहनें लेकिन अपने साथ एकाध गर्म कपड़े रखें ताकि जब ठंड लगे तो उसे पहन सकें।

समय समय पर लें भापः बदलते मौसम में इम्यूनिटी पर गहरा असर पड़ता है इसलिए ऐसे लोगों को समय-समय पर गर्म पानी से भाप लेते रहना चाहिए। ताकि बंद नाक खुल जाए और अगर सर्दी, जुकाम हुआ है तो पीने के लिए गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें।

मसालेदार खाने से बनाएं दुरीः अपनी डाइट में मसाले वाले खाने से दूरी बनाएं और खाना जितना हल्का रख सकते हैं उतना हल्का रखें। नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ जैसी चीजों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

खुद को रखें हाइड्रेटेडः बदलते मौसम में हमेशा खुद को हाइड्रेटेड रखें इसलिए अपने साथ हमेशा पानी की बोतल साथ रखनी चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब भी कहीं जाते समय रास्ते में पानी की जरूरत पड़े तो आपको परेशान न होना पड़े।

लौंग और हल्दी जैसे मसाले का करें इस्तेमालः लौंग और हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जिस वजह से आपकी इम्यूनिटी मजबूत बन सकती है। लौंग और हल्दी को दूध में डालकर या इन मसालों का काढ़ा बनाकर पिया जा सकता है।

पियें अजवाइन का काढ़ाः अजवाइन एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर है। इसका काढ़ा इम्यूनिटी को स्ट्रांग बनाने में मदद करता हैं। काढ़ा बनाने के लिए एक पैन में अजवाइन, तुलसी के पत्ते, काली मिर्च, और लहसुन को कूटकर एक कप पानी डालें और इसे कुछ समय तक पकाएं। जब यह पक जाए तब इसमें शहद डाल कर पीएं। जल्दी राहत पाने के लिए इस काढ़ा को दिन में दो बार पिएं।



# महिलाओं पर मेहरबानी कर चुनावी तैयारी? स्कीम्स को लेकर आमने-सामने CM योगी-अखिलेश

उत्तर प्रदेश में चुनावी सियासत के बीच महिलाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आमने-सामने आ गए हैं। योगी सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं और सुविधाओं का ऐलान किया, तो इसके तुरंत बाद अखिलेश यादव ने भी महिलाओं के लिए बड़े वादों की झड़ी लगा दी। योगी आदित्यनाथ ने पहले 60 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का ऐलान किया था। इसके बाद रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को बड़ा तोहफा देते हुए तीन दिन तक बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की। महिलाओं के साथ यात्रा करने वाले एक सदस्य का टिकट भी नहीं लगेगा। सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ख्याल रखती है। इस दौरान सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी की महिलाएं वह दौर नहीं भूली हैं, जब उन्हें न घर में सुरक्षा का भरोसा था और न बाहर। योगी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर माफिया डाका डालते थे। इसके बाद अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी की महिला नेताओं के साथ सामने आए और 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना का ऐलान किया। अखिलेश ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये की पेंशन दी जाएगी और अगले पांच साल तक इसमें हर साल बढ़ोतरी होगी। इंटर पास करने वाली छात्राओं को लैपटॉप देने और महिलाओं के लिए अलग एंबुलेंस सेवा शुरू करने का भी वादा किया गया। महिला सुरक्षा को लेकर भी अखिलेश ने योगी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी महिलाओं से सिर्फ झूठे वादे करती है, जबकि समाजवादी पार्टी अपने वादे पूरे करेगी। अखिलेश ने बीजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह वास्तव में महिलाओं के हित में सोचती है तो पहले संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करके दिखाए।



अखिलेश के इस बयान पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी पलटवार किया। सीएम योगी ने कहा कि महिलाओं के हक पर डाका डालना समाजवादी पार्टी की आदत रही है। उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मामले में देरी के लिए वही जिम्मेदार हैं।

उन्होंने ने दावा किया कि उनकी सरकार जल्द ही महिला आरक्षण से जुड़े बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। उत्तर प्रदेश में चुनावी सियासत के बीच महिलाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। योगी सरकार की ओर से महिलाओं के लिए योजनाओं और सुविधाओं के ऐलान के बाद अखिलेश यादव ने भी 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना के तहत कई बड़े वादे किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का ऐलान किया। इसके बाद रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को तीन दिन तक बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की गई। महिलाओं के साथ यात्रा करने वाले एक सदस्य से भी किराया नहीं लेने की बात कही गई।

## बिहार-MP समेत कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, यहां पर भी झमाझम बरसेंगे बादल

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है।

इस दौरान कहीं-कहीं आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 से 30 अगस्त के दौरान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में तेज बारिश हो सकती है।

29-30 अगस्त के दौरान ओडिशा में कहीं-कहीं आंधी-तूफान, बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक हवा की स्पीड हो सकती है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 70 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी झमाझम बारिश का दौर देखा जा सकता है। मौसम विभाग (IMD) ने गुरुवार को दिल्ली में बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है।

## महिला ने कॉलर पकड़कर पति को रोड पर घसीटा, कर दी जमकर पिटाई

बिहार के सुपौल सदर बाजार के कोर्ट रोड स्थित गांधी मैदान के समीप उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई,जब एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए सड़क पर हंगामा करने लगी। महिला के हंगामे को देखने के लिए देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। महिला ने अपने पति की कॉलर पकड़ कर जमकर पिटाई की और रोड पर घसीटा। घटना मंगलवार दिन की है। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,महिला लगातार अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगा रही थी। वहीं,पति और उसके पिता महिला द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते नजर आए। दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा और देखते ही देखते मामला हाई-वोल्टेज ड्रामे में बदल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने विवाद को शांत कराने और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया,लेकिन महिला अपने आरोपों पर कायम रही और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। महिला का तेवर इतना आक्रामक था कि मौके पर मौजूद लोगों के बीच भी काफी देर तक असमंजस की स्थिति बनी रही। हंगामे के दौरान महिला और उसके पति के बीच तीखी नोकझोंक होती रही। महिला लगातार अपने पति से सवाल-जवाब करती रही, जबकि पति और उसके पिता आरोपों को गलत बताते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास करते रहे। सड़क किनारे चल रहे इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। भीड़ बढ़ने के कारण कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। हालांकि, इस पूरे विवाद में किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। फिलहाल महिला द्वारा लगाए गए दूसरी शादी के आरोपों की वास्तविकता क्या है,यह स्पष्ट नहीं हो सका है। दोनों पक्षों के बीच विवाद का कारण भी पूरी तरह सामने नहीं आया है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। सुपौल सदर बाजार के कोर्ट रोड स्थित गांधी मैदान के समीप मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया, जब एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए सड़क पर जमकर बवाल किया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने पति की कॉलर पकड़ ली और उसकी पिटाई करते हुए उसे सड़क पर घसीटने लगी। इस दौरान महिला लगातार पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाती रही। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हंगामे के दौरान महिला और उसके पति के बीच तीखी नोकझोंक होती रही। महिला लगातार अपने पति से सवाल-जवाब करती रही, जबकि पति और उसके पिता उसके लगाए आरोपों को खारिज करते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास करते नजर आए। लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया।

# नेपाल में तबाही के बाद बिहार को खतरा? गृह मंत्री अमित शाह ने की सम्राट चौधरी से बात, CM ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश



नेपाल के रसुवा इलाके में बुधवार को अचानक आई बाढ़ में बड़ी तबाही हुई है। अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है और विदेशी पर्यटकों समेत 350 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल में मूसलाधार बारिश और ग्लेशियर फटने से बिहार में भी बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इस स्थिति को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से फोन पर बात की है। गृह मंत्री ने संभावित संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए NDRF को मोबिलाइज किया जा रहा है। नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। एक हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को स्थिति पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सभी तटबंधों की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी निगरानी, बांधों और तटबंधों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। नेपाल में आई बाढ़ के पानी के बिहार पहुंचने की संभावना को देखते हुए संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश।

## नेपाल में भीषण बाढ़ से अब तक 98 लोगों की मौत, CM योगी ने जताई चिंता; पढ़ें किस नेता ने क्या कहा



नेपाल में भीषण बाढ़ ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खबर है कि नेपाल की इस बाढ़ में 98 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा भारतीय भी लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच, PM मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी चिंता जताई है। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभावित खतरे के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बातचीत भी की है। पीएम मोदी ने X पर पोस्ट किया, 'नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और बाढ़ से हुई जान-माल की हानि पर संवेदना जताई। इस मुश्किल वक्त में भारत के लोग नेपाल में अपने भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी टीमें बचाव और राहत कार्यों के लिए मिलकर काम कर रही हैं।' राहुल गांधी ने पोस्ट किया, 'नेपाल में आई भयानक अचानक बाढ़ से मैं बहुत चिंतित हूं, जिसमें भारतीय तीर्थयात्रियों समेत सैकड़ों लोग लापता हो गए हैं। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ भी हैं जो अपने प्रियजनों के बारे में खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।' अपने पोस्ट में राहुल गांधी ने आगे लिखा, 'मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह नेपाली अधिकारियों के साथ मिलकर लापता भारतीय नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करे। मैं नेपाल के लोगों और इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा हूं।' सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट किया, 'नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ से हुई क्षति अत्यंत चिंताजनक है।

भगवान पशुपतिनाथ से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना है। इसके प्रभाव से उत्तर प्रदेश के जनपद महाराजगंज और कुशीनगर में गंडक व नारायणी नदियों के जलस्तर में वृद्धि और बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन को पूर्ण सतर्कता बरतने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।' गृह मंत्री शाह ने बिहार सरकार को संभावित संकट से निपटने के लिए हर मुमकिन मदद का भरोसा दिलाया।

# CM मोहन यादव ने किया गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ, भिंड में तैयार प्रोडक्ट पूरे देश में होंगे सप्लाई

**सीएम मोहन यादव ने बुधवार को भिंड में गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ किया है।**




भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 अगस्त को भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी नई यूनिट का शुभारंभ किया। कंपनी ने यहां 450 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इस तरह अब एशिया की सबसे बड़ी साबुन फैक्ट्री मालनपुर में स्थापित हो गई है। इससे क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अतीत में भिंड ने खराब पक्ष भी देखा है। लेकिन, आज ये पूरा अंचल बदल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश-देश बदल रहा है। भिंड तो पूरी तरह एक अलग ही प्रकार का क्षेत्र है। यहां तो हनुमान जी भी डॉक्टर के रूप में रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज इस चंबल की भूमि उपजाऊ भी है, टिकाऊ भी है और कमाऊ भी है। दो महीने से भी कम समय में प्रदेश में खुलने वाली यह तीसरी यूनिट है। इससे पहले 1500 करोड़ का गुना सीमेंट प्लांट और 3500 करोड़ का शिवपुरी प्लांट स्थापित हो चुके हैं। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हमने केवल एमओयू नहीं किए, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारा। आज यहां स्थापित होने वाली इंडस्ट्री एशिया का सबसे बड़ा साबुन का उद्योग है। यहां प्रति मिनट 4000 साबुन बनेंगे। देश में मच्छर कहीं भी होंगे, लेकिन गुडनाइट भिंड से ही जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोदरेज ने लोगों के मन में विश्वास कायम किया है। हर घर में गोदरेज की अलमारी होती है। लोग अलमारी को ही गोदरेज बोलते थे। पता ही नहीं था कि गोदरेज के अलावा भी कोई दूसरी अलमारी होती है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक घरानों के माध्यम से कई घरों में रोशनी होती है। सुख-समृद्धि का मार्ग निकलता है। आज 450 करोड़ की नई सौगात मिल रही है। मेड-इन-एमपी और फेथ-इन-एमपी की मिसाल तैयार हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं 8-10 महीने पहले यहां आया था। उस वक्त भी मैंने 1500 करोड़ की लागत के एलिक्सर इंडस्ट्रीज के प्लांट का भूमि-पूजन किया था। इसका लोकार्पण भी हम जल्दी करेंगे। उद्योग और निवेश के क्षेत्र के लिए , युवाओं के लिए, राज्य की समृद्धि के लिए प्रदेश केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि जितने भी एमओयू होते हैं उसका दस फीसदी ही धरातल पर उतरता है। लेकिन, मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां 30 फीसदी से ज्यादा निवेश धरातल पर उतरा है। 10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश अलग-अलग तरीके से मूर्त रूप ले रहा है। कई फैक्ट्रियों ने अपना उत्पादन भी शुरू कर दिया है। मध्यप्रदेश की विदेशी निर्यात क्षमता बढ़कर अब 76 हजार करोड़ हो चुकी है। यहां कोई समुद्र नहीं है, लेकिन हमारे उत्पाद 7 समंदर पार पहुंच रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में जीआईएस से पहले हमारी सरकार ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की संभावनाएं तलाशी थीं। इसी आधार पर ग्वालियर में टेलीकॉम सेक्टर की सबसे बड़ी यूनिट स्थापित की जाएगी। यहां टेलीकॉम मैन्यूफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) के माध्यम से ग्वालियर अंचल बदलेगा। हजारों लोगों के घरों में सुबह का सबेरा आएगा।

## बस में बैठने को लेकर युवक ने किया हंगामा तो महिला ने पाइप से कर दी पिटाई



झुंझुनूं। राजस्थान के झुंझुनूं से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। झुंझुनूं रोडवेज बस डिपो में बुधवार को बस में बैठने को लेकर एक युवक और रोडवेज कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना के दौरान एक महिला परिचालक द्वारा पाइप से युवक की पिटाई किए जाने का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, कोटपूतली निवासी युवक उदयपुरवाटी से रोडवेज बस में सवार होकर झुंझुनूं पहुंचा था। यहां से उसे चूरू जाने वाली बस में बैठना था। आरोप है कि युवक शराब के नशे में था। इसी कारण बस के परिचालक ने उसे बस में बैठने से मना कर दिया और नीचे उतार दिया। बस से उतारे जाने के बाद युवक परिचालक से उलझ गया और गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। शोर-शराबा सुनकर अन्य रोडवेज कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान वहां मौजूद महिला परिचालक भी मौके पर पहुंची। युवक द्वारा गाली-गलौच किए जाने पर महिला परिचालक ने पाइप उठाकर युवक की पिटाई कर दी। वायरल वीडियो में युवक और रोडवेज कर्मचारियों के बीच हाथापाई होती दिखाई दे रही है।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 49 लाख से ज्यादा का सोना जब्त 4 यात्री हिरासत में, कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई




गुजरात के अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (AIU) ने अलग-अलग मामलों में चार यात्रियों से करीब 49.23 लाख रुपये मूल्य की सोने की ज्वेलरी जब्त की। इनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। यात्री अबू धाबी, शारजाह और कुवैत से अहमदाबाद पहुंचे थे। कस्टम विभाग के अनुसार, यात्रियों की प्रोफाइलिंग के आधार पर अधिकारियों ने उन्हें रोका और जांच की। आरोप है कि यात्रियों ने अपने पास मौजूद सोने की ज्वेलरी की बात नहीं बताई थी। तीन अलग-अलग मामलों में कुल 299.490 ग्राम सोना जब्त किया गया। इसमें 240.090 ग्राम 24 कैरेट और 59.400 ग्राम 22 कैरेट सोना शामिल है। जब्त सोने की कुल कीमत 49,23,602 रुपये आंकी गई है। पहले मामले में अबू धाबी से अहमदाबाद पहुंची एक महिला यात्री के पास से 100.060 ग्राम वजन की दो सोने की चेन बरामद हुईं। इनकी बाजार कीमत 16,72,003 रुपये बताई गई है। दूसरे मामले में शारजाह से पहुंचे एक दंपति को रोका गया। उनके पास से चार सोने की चूड़ियां और दो सोने की चेन बरामद हुईं, जिनका कुल वजन 140.030 ग्राम और मूल्य 23,41,739 रुपये था। वहीं, कुवैत से पहुंची एक अन्य महिला यात्री के पास से सोने का हार, दो बालियां, एक अंगूठी और पेंडेंट वाली एक चेन बरामद की गई। इनकी कीमत 9,09,860 रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415